दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। गुरुवार 18 अप्रैल -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 188 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

पीएम ने हेलीकॉप्टर में बैठकर देखा रामलला का 'सूर्य तिलक'

मोदी बोले- मेरे लिए यह भावुक क्षण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नलबाड़ी में रैली को संबोधित करते हुए मौजूद लोगों को रामनवमी की बधाई दी। इस खास मौके पर उन्होंने फोन की फ्लैश लाइट जला कर लोगों से रामलला के सूर्य तिलक से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब सूर्य देवता स्वयं प्रभु राम के जन्मदिन को मनाने के लिए किरण के रूप में उतर रहे हैं, पूरे देश में एक नया माहौल है और ये प्रभु श्रीराम का जन्मदिन 500 साल बाद आया है, जब उन्हें अपने घर में जन्मदिन मनाने का सौभाग्य मिला है

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज रामनवमी का ऐतिहासिक अवसर है। 500 वर्षों के इंतजार के बाद भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। अभी कुछ मिनटों के बाद प्रभु राम का सूर्य तिलक करके, उनका जन्मोत्सव अयोध्या की पवित्र नगरी में, राम मंदिर में मनाया जाएगा।'

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर बताया कि उन्हें नलबाड़ी की सभा के बाद अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला।

श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

राहुल-अखिलेश ने गाजियाबाद आकर साधा पीएम मोदी पर निशाना

बोले बीजेपी-एनडीए गठबंधन 150 पर ही पहुंचेगा

प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत राहुल-अखिलेश ने रामनवमी की शुभकामनाएं देकर की

गौरव शशि नारायण

गाजियाबाद, करंट क्राइम : लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरणों के चुनाव प्रचार खत्म होने से पूर्व बुधवार को कांग्रेस पार्टी के नेता व राष्ट्रीय महासचिव राहुल गांधी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से इंडिया गठबंधन की

प्रेसवार्ता की। प्रेसवार्ता के लिए अखिलेश यादव और राहुल गांधी कौशांबी स्थित रेडिसन ब्लू होटल में पहुंचे और यहां पत्रकारों से बातचीत की। राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने जहां प्रेसवार्ता और अपने जवाबों में सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने का काम किया। तो वही दोनों नेताओं ने कहा है कि इंडिया गठबंधन ही एनडीए गठबंधन को रोकने का काम करेगा। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी व एनडीए गठबंधन 150 सीटों तक ही पहुंच पाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले तक यह आंकड़ा 180 था लेकिन अब यह 150 पर ही थम जाएगा। इस दौरान राहुल गांधी ने बेरोजगारी ,महंगाई ,गरीबों मनरेगा और अडानी को सीधे तौर पर लाभ पहुंचाने का प्रधानमंत्री पर हमला बोला। तो पूर्व सीएम उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव ने साफ तौर पर कहा उत्तर प्रदेश और देश में एनडीए को हराने का काम पीडीए करेगा। दोनों ही नेता यहां फुल जोश और कॉन्फिडेंस के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। तो पेपर लीक मामले से लेकर आरएसएस और इलेक्टोरल बॉन्ड पर उन्होंने जमकर बातचीत की। इस दौरान सीबीआई और ईडी की कार्रवाई को पैसे कमाने का जरिया भी बताया गया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि वह महिलाओं, गरीबों ,बेरोजगारी के साथ ही भागीदारी के सवाल उठा रहे हैं। जिस पर बीजेपी और प्रधानमंत्री मोदी कुछ बोल नहीं रहे हैं।

डॉली शर्मा व अमरपाल शर्मा को जिताने की राहुल-अखिलेश ने की अपील

सभी फोटो : उदयवीर सिंह

गाजियाबाद से गाजीपुर तक होगा सरकार का सफाया : अखिलेश यादव

इलेक्टोरल बॉन्ड देश का सबसे बड़ा एक्सटॉर्शन : राहुल गांधी

सवालों पर जमकर बोले अखिलेश और राहुल

गाजियाबाद, करंट क्राइम : राहुल गांधी और अखिलेश यादव गाजियाबाद में इंडिया गठबंधन की पहली संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान दोनों ने पत्रकारों के सवालों का जवाब भी दिया। राहुल गांधी से पूछा गया कि अमेठी छोड़कर वायानाड क्यों गए हैं? उन्होंने कहा कि मैंने यह फैसला पहले कर लिया था और जिस तरीके से यह सवाल पूछा गया है यकीन न गोदी मीडिया का बाउंसर वाला ही सवाल है। इस दौरान राहुल गांधी से पूछा गया कि पिछली बार आप दोनों का गठबंधन सफल नहीं था, पीएम कहते हैं यूपी के दो लड़कों की फ्लॉप फिल्म फिर रिलीज हुई है? इस सवाल पर राहुल गांधी ने कहा भले में अभी कुल सीट नहीं बता सकता पर राहुल ने कहा कि बीजेपी और एनडीए गठबंधन 150 सीटों तक की जाएगा। 20 दिन पहले तक यह आंकड़ा 180 तक था लेकिन जो हमें पार्टी के लोग बता रहे हैं भाजपा की स्थिति खराब हो रही है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव से सवाल किया गया कि एनडीए गठबंधन को कैसे रोकेंगे। इस जवाब पर राहुल ने पहले अखिलेश से कहा तो अखिलेश ने कहा कि जैसे 2014 में भाजपा आई थी, 2024 में वैसे ही वापस भेजने का काम किया जाएगा। साथ ही उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन देश की नई उम्मीद बन गया है।

अखिलेश और राहुल ने कहा जातिगत जनगणना जरूरी

करंट क्राइम : अखिलेश यादव और राहुल गांधी ने कहा है जातिगत जनगणना जरूरी है। इससे खुशहाली, सामाजिक न्याय और अन्य व्यवस्था मजबूत होगी। इस दौरान सपा प्रमुख ने कहा कि एनडीए को पीडीए हराने जा रहा है। परिवारवाद से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका जवाब पहले ही हो चुका है।

गाजियाबाद से गाजीपुर तक करेंगे सरकार का सफाया, एनडीए को पीडीए हराएगा : अखिलेश

करंट क्राइम : बुधवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिल्ली और यूपी की सीमा पर बने रेडिसन ब्लू होटल में पत्रकारों से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बातचीत की। अखिलेश यादव ने माइक संभालते ही सबसे पहले सभी को रामनवमी की बधाई दी और कहा कि वह राहुल गांधी के साथ इस खास दिन पर शुरूआत कर रहे हैं जो काफी सफल होने वाली है। अखिलेश यादव ने कहा कि देश के साथ प्रदेश का माहौल बदल रहा है और इस बार गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक सरकार का सफाया होने वाला है। किसान परेशान हैं और भारतीय जनता पार्टी मुद्दों पर बात नहीं कर रही है। गरीबी बढ़ रही है, आय रह नहीं गई और नौकरियां सरकार दे नहीं पा रही है। विकास के सपने अधूरे हैं।

आरएसएस बीजेपी संविधान को खत्म करने का कर रही हैं काम : राहुल गांधी

करंट क्राइम : बुधवार को इंडिया गठबंधन की पहली संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के लिए गाजियाबाद पहुंचे राहुल गांधी फुल आफ कॉन्फिडेंस नजर आए। उन्होंने प्रेसवार्ता की शुरूआत रामनवमी की शुभकामनाएं देकर की। राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ आरएसएस और बीजेपी संविधान को खत्म करने का काम कर रही हैं। तो इंडिया गठबंधन इसको बचाने के लिए एक साथ आया है। चुनाव बेरोजगारी, महंगाई, भागीदारी के मुद्दे को लेकर लड़ा जा रहा है जबकि बीजेपी विपक्ष को फंसाने, डराने और कमजोर करने पर लगा हुआ है। इस दौरान कांग्रेस महासचिव राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री कभी समुद्र के नीचे चले जाते हैं, तो कभी हवा पर लेकिन वह मुद्दों पर बात नहीं करते। इस दौरान राहुल गांधी ने एक निजी एजेंसी को दिए इंटरव्यू को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का इंटरव्यू फ्लॉप शो था।

किसान सिर्फ दो चीजें मांगता है, फसल का सही दाम और कर्ज माफी : राहुल गांधी

करंट क्राइम : राहुल गांधी ने कहा कि 30 लाख सरकारी रोजगार है, जो नरेंद्र मोदी की सरकार भर नहीं रही है। वह वैकेंसी हम युवाओं को देने का काम करेंगे। पेपर लीक को लेकर हम कानून बनाएंगे और हर गरीब परिवार की लिस्ट बनाएंगे। हम परिवार में एक महिला को चुनेंगे उसके बैंक अकाउंट में सालाना एक लाख रुपये डाले जाएंगे। राहुल गांधी ने कहा किसान सिर्फ दो चीजें मांग कर रहा है। फसल का सही दाम दिलवा दीजिए और कर्ज माफी हमने लीगल एमएसपी का फैसला लिया है। हम कर्जा माफ भी करेंगे।

अमरपाल शर्मा से वार्ता करते पूर्व एमएलसी राकेश यादव

गाजियाबाद में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान पंडित अमरपाल शर्मा से बातचीत करते पूर्व एमएलसी राकेश यादव। साथ में मौजूद हैं पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद मलिक व पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी।

अखिलेश का संदेश सावधान रहकर कराये मतदान और करें बूथ की चौकीदारी

करंट क्राइम : अखिलेश यादव ने कहा कि जिस तरीके के हालात यूपी के हैं, वैसे ही हालत पूरे देश में चल रहे हैं। साथ ही उन्होंने इस दौरान पत्रकारों के माध्यम से आम जनता और पार्टी पदाधिकारियों से अपील की है कि वह सावधान रहकर मतदान करवाएं और बूथ की चौकीदारी भी करें। अखिलेश यादव ने कहा कि देश की जनता बदलाव चाहती है और नई सोच के साथ लोग सपा को स्वीकार कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि एनडीए को रोकने के लिए पीडीए ही मजबूती से काम आएगा।

बोले अखिलेश भाजपा परिवार वालों को ना टिकट दे ना उनसे वोट मांगे

करंट क्राइम : अखिलेश यादव से जब पत्रकारों ने सवाल किया की भाजपा आप पर परिवारवाद का आरोप लगाती है, तो अखिलेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गारंटी दे कि वह किसी भी लोकसभा में अपने नेता के परिवार वालों को वोट नहीं देंगे और ना अपने परिवार वालों से वोट मांगेंगे।

भाजपा महाभ्रष्टाचारियों को लेकर चल रही है : अखिलेश यादव

करंट क्राइम : पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने इस दौरान भारतीय जनता पार्टी पर कटाक्ष बोलते हुए कहा है कि भाजपा महा भ्रष्टाचारियों को साथ लेकर चल रही है। यूपी और पूरा देश आज जो डबल इंजन की बात करता था ,उसमें से तस्वीरें कम होती जा रही हैं। इसी के साथ उन्होंने तंज करते हुए कहा कि प्रत्याशी केवल होल्डिंग पर लटके नजर आ रहे हैं। इस समय भाजपा झूठ बोलने और लूटने के सिवा कोई दूसरा काम नहीं कर रही है। अखिलेश ने कहा कि 16 पेपर इस सरकार में लीक हो चुके हैं। एक परिवार के कई कई सदस्यों का इसमें नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने एक आंकड़ा देते हुए कहा कि 60 लाख नौजवान युवाओं का भविष्य अंधकार में है। 60 लाख युवाओं की तीन से गुणा करिए तो यह आंकड़ा एक करोड़ 80 लाख पहुंच जाएगा और इस 80 लाख को यूपी की 80 सीटों के लिहाज से देखिए तो हर सीट पर भाजपा 2 लाख 25 हजार वोट कम होने हैं।

संयुक्त मुलाकात

अपने नेता अखिलेश यादव से मुलाकात करने का जज्बा प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग में खूब दिखाई दिया।

राहुल-अखिलेश की प्रेसवार्ता के बाद सपा और कांग्रेस के नेताओं ने एक-दूसरे से मुलाकात की। इस दौरान सपा नेता अभिषेक गर्ग, पूर्व एमएलसी राकेश यादव, धर्मवीर डबास और पूर्व मंत्री कांग्रेस नेता सतीश शर्मा व अन्य मुलाकात करते हुए।

इलेक्टोरल बॉन्ड देश का सबसे बड़ा एक्सटॉर्शन

करंट क्राइम : राहुल गांधी ने कहा चंदा देने की तारीख इलेक्टोरल बॉन्ड में छुपाई गई। पता चलता है कि हजारों, करोड़ों का ठेका किसी कंपनी को मिलता है। उसके तुरंत बाद कंपनी बीजेपी को चंदा दे देती है, फिर सीबीआई और ईडी की इंक्वारी होती है और कंपनी बीजेपी को करोड़ों रुपए देती है। इसके बाद यह कार्रवाई बंद हो जाती है। सड़क पर इसको आम भाषा में एक्सटॉर्शन कहते हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम देश की सबसे बड़ी एक्सटॉर्शन स्कीम साबित हो रही है।

अखिलेश और राहुल ने देखा इंडिया गठबंधन का थीम सॉग

करंट क्राइम : होटल रेडिसन ब्लू में गठबंधन की पहली प्रेस कांफ्रेंस के बाद राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन का थीम सॉग लॉन्च किया गया। जिसमें अखिलेश यादव और राहुल गांधी के एक साथ चुनाव प्रचार के कई वीडियो और फोटो डाले गए हैं। इसके साथ ही अखिलेश यादव अपने पिता मुलायम सिंह यादव से आशीर्वाद लेते समाज के लोगों के साथ बैठकर भोजन करते और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हुए का सीन दिखाया गया है। तो वही प्रियंका गांधी-राहुल गांधी के साथ ही अन्य स्थान के कार्यक्रम इसमें ऐड किए गए हैं।

सर्वोच्च बलिदान देने वाले अफसर की पत्नी को वित्तीय लाभ देने के लिए सरकार तैयार

नई दिल्ली। महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय को बताया कि उसने जम्मू कश्मीर में चार साल पहले ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले सेना के एक मेजर के परिवार को वित्तीय लाभ देने का फैसला किया है। मेजर अनुज सूद की विधवा आकृति सूद ने 2019 और 2020 के दो सरकारी प्रस्तावों के तहत पूर्व सैनिकों के लिए लाभ (मौद्रिक) की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया था। मेजर सूद ने 2 मई, 2020 को अपनी जान गंवा दी थी, वे आतंकवादी ठिकानों से बंधक बनाए गए नागरिक को बचा रहे थे। उन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था।

राज्य सरकार ने पूर्व में कहा था कि सूद का परिवार लाभ और भत्ते का पात्र नहीं है क्योंकि यह प्रस्ताव केवल उन लोगों के लिए है जो महाराष्ट्र में पैदा हुए हैं या जो लगातार 15 साल या उससे अधिक समय तक महाराष्ट्र में रहे। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदोश पूनीवाला की खंडपीठ ने इससे पहले सरकार को निर्देश दिया था कि वह सूद के मामले को विशेष और असाधारण मामले के तौर पर देखे और शहीद के परिवार को वित्तीय सहायता देने पर फैसला करे। अदालत ने कहा था कि अगर सरकार ऐसा नहीं कर सकती है तो अदालत उचित आदेश पारित करेगी।

महाधिवक्ता ने सरकार के फैसले की जानकारी हाईकोर्ट को दी

महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने बुधवार को हाईकोर्ट की पीठ को बताया कि सरकार ने विशेष मामले के तौर पर सूद के परिवार को लाभ देने का फैसला किया है। सरकार ने एक करोड़ रुपये (आकृति को 60 लाख रुपये और सूद के पिता को 40 लाख रुपये) और आकृति को 9,000 रुपये मासिक भुगतान करने का फैसला किया है। पीठ ने सरकार के फैसले की सराहना की और कहा कि उन्होंने कठिन परिस्थिति का सम्मान किया है। अदालत ने कहा, 'ये वास्तविक मानवीय पीड़ा है। हमेशा एक अपवाद होता है ... यह एक विशेष मामला है। अदालत ने कहा, "हम याचिकाकर्ता के मामले को विशेष मामला मानकर लाभ प्रदान करने में मुख्यमंत्री और राज्य सरकार की ओर से अपनाए गए रुख की सराहना करते हैं। पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि राशि का वितरण जल्द से जल्द किया जाए। आकृति सूद ने अपनी याचिका में सरकार से 26 अगस्त, 2020 को प्राप्त उस पत्र को चुनौती दी थी, जिसमें सरकार की ओर से लाभ देने से इनकार करते हुए दावा किया गया था कि सूद न तो महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और न ही पिछले 15 वर्षों से राज्य में रह रहे थे। याचिका में कहा गया कि परिवार पिछले 15 वर्षों से महाराष्ट्र में रह रहा है जैसा कि उनके दिवंगत पति ने इच्छा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि सूद हमेशा से महाराष्ट्र के पुणे में रहना चाहते थे।

इस बार भी दो सीटों पर चुनाव लड़ेंगे सीएम पटनायक

भुवनेश्वर। बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बताया कि वे गंजम जिले में अपनी पारंपरिक सीट हिंजिली के अलावा बोलंगीर जिले के कांटाबांजी निर्वाचन क्षेत्र से भी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने इसकी घोषणा बुधवार को ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों की पांचवीं सूची जारी करते हुए किया। बता दें कि पटनायक 2019 विधानसभा चुनाव में भी दो सीटों से चुनाव लड़े थे और हिंजिली एवं पश्चिमी ओडिशा के बारगढ़ जिले में बिजेपुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की थी। हालांकि, बाद में उन्होंने बिजेपुर सीट छोड़ दिया था।

नौ उम्मीदवारों की पांचवीं सूची में छह महिलाएं शामिल : ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए जारी नौ उम्मीदवारों की पांचवी सूची में छह महिलाएं और चार दलबदलू भी शामिल हैं। इन दलबदलू नेताओं में अरुंधति देवी (देवगढ़), दिलीप कुमार नायक (निमापारा), राजेंद्र कुमार छत्रिया (कुचिंदा) और लक्ष्मीप्रिया नायक (चित्रकोंडा) को विधानसभा चुनाव का टिकट दिया गया है। पार्टी ने अपने चार मौजूदा विधायकों का नाम सूची से हटा दिया है, जिनमें पूर्ण चंद्र बाका (चित्रकोंडा), किशोर चंद्र नाइक (कुचिंडा), रजनीकांत सिंह (अंगुल) और समीर रंजन दास (निमापारा) का नाम शामिल हैं।

छह महिला विधायकों में लक्ष्मीप्रिया नायक (चित्राकोंडा), बरसा सिंह बरिहा (पदमपुर), अरुंधति देवी (देवगढ़), संजुक्ता सिंह (अंगुल), सुलखंसा गीतांजलि देवी (सामाखेमुंडी) और डॉ. इंदिरा नंदा (जेपोर) का नाम शामिल है।

गाजियाबाद नगर निगम के वाटर प्लस सिटी की ओर बढ़ते कदम, विभागों ने शुरू की कार्यवाही

● ओडीएफ प्लस प्लस से वाटर प्लस सिटी बनेगा गाजियाबादः नगर आयुक्त

गाजियाबाद करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा गाजियाबाद शहर को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वाटर प्लस सिटी बनाने का कार्य प्रारंभ करा दिया गया है, जिसके लिए जलकल विभाग तथा उद्यान विभाग को विशेष कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए हैं, उसी क्रम में धरातल पर कार्यवाही भी नजर आ रही है' शहर के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर रीसायकल होने वाले जल का इस्तेमाल ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगे हुए पौधों की सिंचाई में किया जा रहा है तथा वॉटर स्प्रिंकलर में भी सड़कों के छिड़काव के लिए इसी जल का इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे न केवल ट्रीटमेंट हुए पानी का सदुपयोग हो रहा है बल्कि शहर हित में एक बेहतर कार्य करते हुए एसबीएम के क्रम में गाजियाबाद की रैंक को बढ़ाने के कार्य पर भी तैयारी चल रही है। महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त महोदय के निर्देश के क्रम में प्रतिदिन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर पुन्हा उपचारित जल को शहर हित में उपयोग में लाया जा रहा है जिस पेड़ पौधों में पानी का छिड़काव किया जाता है, इसी पुनः उपचारित जल से वायु गुणवत्ता सुधार के लिए किया जा रहे कार्यों में भी इस्तेमाल किया जाता है पानी का छिड़काव कराया जाता है इस प्रकार शहर को वाटर प्लस सिटी बनाने के लिए कार्य जोरों से चल रहा है जिसके लिए समय-समय पर विभागीय बैठक भी चल रही है उद्यान विभाग के साथ समन्वय कार्यवाही तेज की जा रही है गाजियाबाद नगर निगम जहां शहर की रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान में जुटा हुआ है वहीं दूसरी ओर शहर को एक अच्छे मुकाम पर बनाने के लिए भी कड़ी मेहनत कर रहा है स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है इसी क्रम को बनाए रखने के लिए ओडीएफ प्लस प्लस से वाटर प्लस सिटी बनाने के लिए भी एस बी एम टीम कार्य कर रही है, नगर आयुक्त द्वारा विशेष मॉनिटरिंग के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज तथा महाप्रबंधक जल को विशेष निर्देश दिए हैं।

सीएम ममता बनर्जी ने दी रामनवमी की शुभकामनाएं

कोलकाता। पूरे देश में धूमधाम से रामनवमी मनाई गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। एक्स पर ट्वीट करते हुए उन्होंने कहा कि रामनवमी के शुभ अवसर पर आप सभी को शुभकामनाएं। मैं आप सभी से अपील करती हूं कि शांति, समृद्धि बनाए रखें।

वहीं, बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कलकत्ता के दही घाट स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-पाठ की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज वह दिन है, जब हम सभी भगवान से आशीर्वाद मांगते हैं। हम आशा करते हैं कि समाज में शांति और सद्भाव रहे।

सोशल चौकीदार ने दी राम नवमी की शुभकामनाएं

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 550 वर्ष की प्रतीक्षा के उपरांत अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला का निर्मित नव्य, भव्य, दिव्य मंदिर बनने के बाद यह जन्मोत्सव और ज्यादा खास हो गया है। राम नवमी के अवसर पर सोशल चौकीदार के के शर्मा ने गाजियाबाद और राष्ट्र के राम भक्तों को राम नवमी की शुभकामनाएं दी।

कोर्ट ने हिरासत में मौत मामले में पुलिस धिकारियों के खिलाफ केस पर मांगा जवाब

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई है, जिनकी हिरासत में हरियाणा के फरीदाबाद जिले में एक 32 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। यह मामला 2013 का है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने मृतक के भाई आनंद राय कौशिक की याचिका पर हरियाणा सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी किया है।

सीपीएम उम्मीदवार पर साइबर हमला

आईयूएमएल कार्यकर्ता पर केस दर्ज

कन्नूर। केरल में चुनाव प्रचार के बीच इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के कार्यकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उनपर सोशल मीडिया पर सीपीआई(एम) नेता और वडक्करा लोकसभा सीट से उम्मीदवार केके शैलजा पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। न्यू माही पुलिस ने साइबर हमले में स्वतः संज्ञान लेते हुए आईयूएमएल स्थानीय पदाधिकारी अस्लम के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बता दें कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनियन डेमोक्रेटिक अलायंस (यूडीएफ) में आईयूएमएल एक प्रमुख सदस्य है।

आईयूएमएल कार्यकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज : सीपीएम उम्मीदवार शैलजा वडक्करा लोकसभा सीट पर अपनी किस्मत आजमाने वाली है। इस क्षेत्र में उनका सामना भाजपा के प्रफुल्ल कृष्ण और कांग्रेस उम्मीदवार शफी परंबिल से होने वाला है।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने स्वतः संज्ञान लेते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 153 और केरल पुलिस एक्ट की धारा 120 (ओ) के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने आगे बताया कि इस मामले में फिलहाल जांच जारी है और जल्द ही इस पर कार्रवाई की जाएगी। साइबर हमलों के आरोपों और फर्जी वोटिंग की आशंकाओं के कारण वडक्करा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रभाव प्रभावित हुआ है। इसी क्षेत्र से 26 अप्रैल को शैलजा और परमबिल चुनाव लड़ने वाले हैं।

सीपीआई(एम) ने लगाया आरोप

सीपीएम का आरोप है कि यूडीएफ ने शैलजा के खिलाफ एक शातिर साइबर हमला किया है। बता दें कि शैलजा राज्य की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भी रह चुकी है। लोकसभा चुनाव के दौरान वडक्करा में फर्जी वोटिंग को रोकने के लिए कार्रवाई की मांग करते हुए केरल हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सीपीआई(एम) ने परमबिल के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार की जानकारी में साइबर हमले किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ करके चुनाव प्रचार किया जा रहा है। सीपीएम नेता वृंदा करात ने साइबर हमले की निंदा करते हुए बताया कि शैलजा पर अपमाणजनक टिप्पणियां वडक्करा में कांग्रेस उम्मीदवार की सोशल मीडिया टीम द्वारा की गई है।

पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे को फोन पर मिली धमकी

शिकायत के बाद पुलिस ने शुरू की जांच

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। खडसे, जो वर्तमान में राकांपा (शरद गुट) के साथ हैं, ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि वह जल्द ही भाजपा में लौटेंगे। पुलिस ने बताया कि सोमवार को खडसे को एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा फोन आया जिसके बाद उन्होंने जलगांव जिले में मुक्ताई नगर थाने में पुलिस को इसकी शिकायत की।

एक अधिकारी ने बताया कि शिकायत के अनुसार फोन करने वाले व्यक्ति ने खडसे को धमकी देते हुए गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील के नाम का उल्लेख किया। अधिकारी ने बताया कि फोन करने वाले का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि खडसे की शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित प्रावधानों के तहत गैर-संज्ञेय अपराध का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पूर्व मंत्री को पहले भी धमकी भरे फोन आए थे।

'परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़'

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने देश में परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के चुनावी घोषणापत्र के वादे के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए इस मुद्दे पर कांग्रेस से अपना रुख जाहिर करने की मांग की। सिंह ने आरोप लगाया कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश को कमजोर करने के लिए गहरी साजिश रची जा रही है। राज्य के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने मांग की कि कांग्रेस को परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के घोषणापत्र में किए गए वादे पर अपना रुख जाहिर करना चाहिए क्योंकि इंदिरा गांधी सरकार ने ही देश का परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था।

उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु संपन्न देशों में शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत की और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से वह देश कमजोर देश बन जाएगा जिसके पड़ोसी पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्तियों से लैस होंगे। माकपा ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि परमाणु हथियारों और रासायनिक व जैविक हथियारों सहित सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों का पूर्ण सफाया किया जाएगा। सिंह ने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि वाम दल और कांग्रेस देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने यह भी दावा किया कि देश की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है।

राम का विरोध करने वालों का पतन हुआ : राजनाथ

भाजपा नेता ने एक चुनावी बैठक में कहा, श्भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे पतन का सामना करना पड़ा है, ऐसा ही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है। सिंह ने आरोप लगाया कि कठ.ऊकअ गठबंधन में सहयोगी दोनों पार्टियां भगवान राम या रामनवमी के त्योहार का महत्व नहीं समझती हैं ।श उन्होंने कहा, 'इन लोगों ने रामनवमी के उत्सव में बाधाएं पैदा की हैं। हम सभी जानते हैं कि जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे देश में पतन का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस और माकपा के साथ यही हुआ है।' कांग्रेस और माकपा विपक्षी गुट ह्यइंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंसह्न (इंडिया) का हिस्सा हैं।

आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम और एक पूर्व राज्यपाल चुनाव मैदान में ठोक रहे ताल

नई दिल्ली। आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल उन नेताओं में शामिल हैं जो 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव में अपनी चुनावी किस्मत आजमाएंगे। 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 102 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे।

पहले चरण में ही महाराष्ट्र के नागपुर सीट पर भी मतदान होना है। केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। 2014 में, उन्होंने सात बार के सांसद विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख मतों के अंतर से हराया था। 2019 में उन्होंने वर्तमान महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले को 2.16 लाख मतों से हराकर सीट बरकरार रखी थी।

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। 52 वर्षीय रिजिजू ने 2004 से तीन बार इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। रिजिजू के मुख्य प्रतिद्वंद्वी पूर्व मुख्यमंत्री और अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष नबाम तुकी हैं।

डिब्रूगढ़ से असम के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री सबार्नद सोनोवाल ठोक रहे ताल : केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबार्नद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली का टिकट काटकर सोनोवाल को चुनाव डिब्रूगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा गया है। वे फिलहाल राज्यसभा सदस्य हैं।

यूपी के मुजफ्फरनगर में त्रिकोणीय चुनावी जंग : मुजफ्फरनगर में त्रिकोणीय चुनावी जंग चल रही है जहां केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान का मुकाबला समाजवादी पार्टी के हरिंद्र मलिक और बसपा उम्मीदवार दारा सिंह प्रजापति से है। दो बार सांसद रह चुके और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में सहयोगी जितेंद्र सिंह उधमपुर में हैट्रिक बनाने की जोर आजमाइश कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य भूपेंद्र यादव जिन्हें मौजूदा सांसद बालक नाथ की जगह राजस्थान के अलवर से टिकट दिया गया है का मुकाबला कांग्रेस विधायक ललित यादव से है।

वे अलवर जिले मत्स्य क्षेत्र से आते हैं और उन्हें यादव समुदाय का समर्थन प्राप्त हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल राजस्थान की बीकानेर संसदीय सीट से कांग्रेस के पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल के खिलाफ मैदान में हैं।

तमिलनाडु के शिवगंगा से सांसद कार्ति चिदंबरम फिर मैदान में

त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब पश्चिम त्रिपुरा सीट से लड़ रहे चुनाव

समलैंगिक समुदाय के लिए कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में बनी समिति

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने समलैंगिक समुदाय के मुद्दों पर गौर करने के लिए कैबिनेट सचिव के तहत एक समिति का गठन कराया है। इसके तहत समलैंगिक को गैर भेदभावपूर्ण तौर पर सेवा के उपाय दिए जाएंगे। यह समिति जांच करेगी कि समलैंगिक समुदाय को किसी सेवा या वस्तु पहुंचने में कोई भेदभाव न मिले। न ही उन्हें कोई हिंसा, उत्पीड़न का सामना करना पड़े।

17 अक्टूबर को, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से समलैंगिक व्यक्तियों के लिए लाभों पर विचार करने के लिए कैबिनेट सचिव के तहत एक समिति गठित करने को कहा।

मंगलवार को एक अधिसूचना जारी की गई। इसके तहत केंद्र और राज्य सरकार की ओर से समलैंगिक समुदाय को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, उनके साथ कोई भेदभाव न हो। समिति जांच करेगी कि समलैंगिक समुदाय को सेवा या किसी योजना के पहुंचने में कोई समस्या न हो। सरकार के समलैंगिक समुदाय के लिए किए जा रहे उपाय की जांच भी लगेगा।

समिति को इस बात का भी ध्यान रखना होगा कि समलैंगिक समुदाय के मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जाए। इन समुदाय के सामाजिक कल्याण अधिकारों को गैर-भेदभावपूर्ण तरीके से सुरक्षित किया जाए।

ये हैं समिति के सदस्य : समलैंगिक समुदाय के लिए बनाई गई समिति के सदस्यों में केंद्रीय गृह सचिव, विधायी सचिव, स्वास्थ्य सचिव, महिला एवं बाल विकास सचिव और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता सचिव समिति के अन्य सदस्य शामिल हैं। जारी अधिसूचना में यह भी कहा है कि समिति के सदस्यों को आवश्यकता हो तो वे अन्य सदस्यों को भी शामिल कर सकते हैं।

प्रसव के दौरान होने वाली मौतों में गिरावट

नई दिल्ली। भारत में प्रसव के दौरान होने वाली मौतों में गिरावट देखने को मिली है। पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ के रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि 640 जिलों में प्रसव के दौरान होने वाली मौतों के अनुपात में 100,000 जीवित जन्मों में 70 से भी कम है। वहीं 114 जिलों में यह अनुपात 210 से ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया, ₹दिव्यांग महिलाओं और लड़कियों, शरणार्थियों, जतीय अल्पसंख्यकों, समलैंगिग समुदाय के लोगों, एचआईवी से पीड़ित और वंचित जातियों को सबसे ज्यादा यौन और प्रजनन स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है।₹

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 ● नई दिल्ली।। गुरुवार 18 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

आज पिलखुवा के रामलीला मैदान में आ रहे हैं सीएम योगी आदित्यनाथ

ठाकुर बैल्ट में भाजपा के पक्ष में आज होगा योगी का सिंघनाद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सियासत में कई बार कुछ बातों को लेकर नाजरागी बढ़ती है और इस नाराजगी में मामला पार्टी बनाम बिरादरी हो जाता है। लेकिन हर दल में कई बड़े चेहरे ऐसे होते है जब वो आते है तो फिर पूरा मामला बड़ी आसानी से शांत हो जाता है। बुधवार को धौलाना में ठाकुरों की एक महापंचायत हुई और गुरूवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धौलाना क्षेत्र में आ रहे हैं वो पिलखुवा के रामलीला मैदान में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस जनसभा के कई मायने हैं और जब यहां मैदान से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी सधी हुई शैली में सिंघनाद करेंगे तो ये माना जा रहा है कि वो यहां काफी हद तक बिरादरी की नाराजगी को पक्ष में करेंगे। योगी आदित्यनाथ भाजपा के हिंदुत्व का फायरब्रांड चेहरा है और वो भाजपा के प्रमुख और बड़े ठाकुर चेहरों में भी गिने जाते हैं। उनकी जनसभा के कई मायने हैं।

आज वो पिलखुवा के रामलीला मैदान में आ रहे हैं। आज पिलखुवा रामलीला मैदान में उनकी जनसभा रखी गई है। संभावना जताई जा रही है कि मुख्यमंत्री यहां लगभग यहां दो बजे पहुंचेगें। हालांकि मुख्यमंत्री गाजियाबाद तो 12 बजे से भी पहले आ जायेंगे। लेकिन वो यहां हिंडन एयरफोर्स पर पहुंचेंगे और वो फिर बुलंदशहर सिकन्दराबाद के लिए रवाना होंगे। उसके बाद वो सिकन्दराबाद से बड़ौद जायेंगे और फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ौत से पिलखुवा के रामलीला मैदान में आयेंगे। संभावना जताई जा रही है कि वह यहां लगभग दोपहर 2बजे पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साठा चौरासी की धरा पर होने वाली जनभा के बड़े मायने निकाले जा रहे हैं। यहां सभी की निगाहें इस बात पर है कि योगी आदित्यनाथ क्या कहकर जाते हैं। उनकी बात का यहां बड़ा संदेश जायेगा। बहरहाल आज पिलखुवा के रामलीला मैदान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

डॉली शर्मा और पंडित अमरपाल को राहुल-अखिलेश दे गए चुनावी जीत का मंत्र

दोनों ने की अपने नेताओं से खास मुलाकात

राहुल-अखिलेश ने जताया कार्यकर्ताओं का आभार

गाजियाबाद, करंट क्राइम : अखिलेश यादव और राहुल गांधी की संयुक्त प्रेसवार्ता थी। दोनों ही नेता अपने प्रत्याशियों का जीत का मंत्र देने के लिए गाजियाबाद के होटल रेडिसन ब्लू पहुंचे थे। इस दौरान राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने गाजियाबाद लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रत्याशी डॉली शर्मा से मुलाकात की। तो वहीं बागपत सीट से चुनाव लड़ पंडित अमरपाल शर्मा ने राहुल गांधी से हाथ मिलाया। दोनों ही नेताओं ने अपने प्रत्याशियों के साथ गर्मजोशी का एहसास कराया। तो उनको चुनाव के लिए ऑल द बेस्ट भी बोलकर गए हैं। इस दौरान जब अखिलेश यादव और राहुल गांधी के साथ फोटो लेने और उनका स्वागत करने के लिए डॉली शर्मा और अमरपाल शर्मा का नंबर आया तो दोनों की मुस्कान बता रही थी कि बड़े नेता से मिलने का सीन क्या होता है। इस दौरान डॉली शर्मा और पंडित अमरपाल शर्मा को अलग से मंच के बराबर में स्थान दिया गया, जहां अन्य प्रत्याशी और सपा-कांग्रेस के नेता पूरी प्रेसवार्ता के दौरान मौजूद रहे।

एंट्री को लेकर सपा नेताओं की मुख्य गेट पर हुई नोंकझोंक

करंट क्राइम : अखिलेश यादव और राहुल गांधी की एक झलक पाने के लिए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेता बड़ी संख्या में रेडिसन ब्लू होटल के बाहर पहुंचे थे। सुरक्षाकर्मी और पार्टी आलाकमान के निर्देश पर पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों को गेट पर ही रोका जा रहा था। इस दौरान प्रशंसक नारेबाजी करने लगे और गेट पर घुसने का प्रयास भी किया। भारी संख्या में पुलिस व्यवस्था, सुरक्षाकर्मी और निजी गार्ड होने की वजह से हालांकि कोई कार्यकर्ता भीतर प्रवेश तो नहीं कर पाया लेकिन इस दौरान काफी देर तक माहौल हॉट बना रहा।

मंच पर इनकी रही उपस्थिति

करंट क्राइम : प्रेसवार्ता के दौरान मंच पर उदयवीर सिंह पूर्व एमएलसी, शाहिद सिद्दीकी पूर्व राज्यसभा सांसद, शाहिद मंजूर विधायक किठौर, अखिलेश यादव, राहुल गांधी, अविनाश पांडे, अजय राय प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस यूपी, जयराम रमेश पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस महिला नेता मोना प्रमुख नेताओं में शामिल रही।
कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहने वालों में पूर्व एमएलसी राकेश यादव, सपा महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, सपा नेता मधु चौधरी, धर्मवीर डबास, विशाल वर्मा, राज देवी चौधरी, इशांत त्यागी ,नरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, विजय चौधरी, जाकिर अली सहित बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डॉली शर्मा और अमरपाल शर्मा ने राहुल गांधी से मिलाया हाथ

करंट क्राइम : राहुल गांधी कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हैं, तो उनका राजनीति में अलग ही स्वैग है। यही कारण है कि गाजियाबाद से लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा और बागपत सीट से गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी पंडित अमरपाल शर्मा जब मंच पर थे, तो दोनों ने राहुल गांधी के साथ हाथ मिलाया। दोनों ही लोकल फेस हैं उनकी मुस्कान खुशी का एहसास कर रही थी। साथ ही राहुल गांधी ने भी पूरी निष्ठा के साथ अपने प्रत्याशियों से मेल मुलाकात की। इस दौरान अखिलेश यादव भी पंडित अमरपाल शर्मा और डॉली शर्मा से वार्ता करते मंच पर

सुरक्षा में रही पुलिस की फुलप्रूफ तैनाती

करंट क्राइम : अखिलेश यादव और राहुल गांधी के कार्यक्रम के चलते होटल रेडिसन ब्लू और उसके आसपास के इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। खुद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह, आईपीएस अधिकारी एवं मुख्यालय प्रभारी डीसीपी शुभम पटेल, एसीपी विवेक सिंह, एसीपी अजित रजक सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स और गाजियाबाद पुलिस के स्पेशल उपनिरीक्षक ऑन ड्यूटी नजर आए।

क्या भैया जी से मुलाकात में हो गया कुछ ऐसा खेल

सपा के जिला और महानगर अध्यक्ष का मिलन मैनेजमेंट हो गया पूरी तरह फेल

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादियों के अखिलेश भैया जब आ रहे हों तो उनसे मिलने की चाहत भला किस समाजवादी को नहीं होगी। जब वो दिल्ली में पंडारा रोड पर आते हैं तो गाजियाबाद के समाजवादी विशेष रूप से उनसे मिलने के लिए वहां जाते हैं। बुधवार को जब अखिलेश यादव गाजियाबाद के कौशाम्बी स्थित होटल में आ रहे थे तो यहां पर कार्यकताओं की चाहत थी कि वह अखिलेश भैया से मिले। उनके साथ कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी भी आ रहे थे। हालांकि बताया ये जाता है कि यहां पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने कार्यकताओं से ये कह दिया था कि वह उनकी मुलाकात भैया जी से करायेंगे। सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने करंट क्राइम से भी कहा था कि प्रेस कांफ्रेस के बाद कार्यकताओं की मुलाकात करायी जायेगी। लेकिन मिलन का ये मैनेजमेंट पूरी तरह फेल हो गया। जब अखिलेश यादव से मुलाकात नहीं हुई तो कार्यकताओं को ये फील हुआ कि उनके साथ खेल हो गया। मिलने का सीन ही नहीं बना और नाराजगी समाजवादियों में इस बात को लेकर थी कि संगठन के अध्यक्ष हैं लेकिन इनसे मुलाकात का फार्मेट हीं नहीं बना। बताया है कि यूथ विंग की पूरी टीम नाराज है। इस नाराजगी का एक कारण ये भी बताया जाता है कि सपा के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने अपने खास लोगों की मुलाकात तो करा दी लेकिन बाकी लोगों से मुलाकात के वादे कर लिये लेकिन मुलाकात नहीं करायी। इस बात से कई चेहरे नाराज हैं। भैया जी से मुलाकात में उन्हें अपने अध्यक्षों का मैनेजमेंट फेल होता दिखाई दिया।

क्यों कह रहा है यूथ नहीं है दोनों अध्यक्षों का कोई वजूद

करंट क्राइम। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आये तो हर कार्यकर्ता की तमन्ना थी कि उसकी भी मुलाकात हो जाये। एक बार भैया जी उसकी तरफ भी देख लें। एक बार उनकी भी नमस्ते हो जाये। मिलने के लिए यूथ वाले पहुंचे थे और जब मुलाकात नहीं हुई तो यूथ वाले ही विरोध में है यूथ वाले ही नाराज हैं। उनका ये कहना है कि अगर मुलाकात नहीं करा सकते थे तो अध्यक्षों को ये बात नहीं करनी चाहिए थी। मुलाकात का फार्मेट तय होता है और अध्यक्षों के ये हाथ में होता है कि वो मुलाकात का समय ले लें। अगर समय नहीं भी मिला तो भी किसी प्रकार की गफलत नहीं होनी चाहिए। सूत्र बताते हैं कि समाजवादी यूथ इस बात से नाराज है और वो तो अब ये कह रहे हैं कि हमारे अध्यक्षों का ही वजूद नहीं है वरना मुलाकात तो मजबूत हो जाती।

कांग्रेस वालों की लिस्ट में समाजवादियों का नाम तब हुई उनकी मुलाकात

करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गाजियाबाद आये। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष ने कार्यकताओं से कहा कि वो

मुलाकात करायेंगे। मुलाकात नहीं हुई कोई बात नहीं लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आ गया जब 3 समाजवादियों का नाम कांग्रेस की लिस्ट में आ गया। ये तीन समाजवादी पुराने और प्रभावशाली समाजवादी हैं।
इनमें अभिषेक गर्ग का नाम है, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद मलिक का नाम है और पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी का नाम है। कांग्रेस वालों की लिस्ट इतनी असरदार थी कि तीनों समाजवादियों की मुलाकात भैया जी से हो गई। अब सवाल ये है कि अगर अभिषेक गर्ग, राशिद मलिक और राहुल चौधरी ने कांग्रेस वालों से तालमेल ना बिठाया होता तो इनका भी नाम मुलाकात वाली सूची में नहीं आया होता। नाराज कार्यकर्ता ये कह रहे हैं कि अब ये दिन आ गये कि हमें अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने के लिए कांग्रेस के नेताओं से कहना पड़ेगा उनकी लिस्ट में आना पड़ेगा। अगर कांग्रेस के जरिए ही हमें अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलना है तो फिर ये गाजियाबाद के जिला और महानगर अध्यक्ष क्या कर रहे हैं।

हापुड़ के धौलाना में क्षत्रिय स्वाभिमान महासम्मेलन

भाजपा पर बरसे पूरन सिंह, बोले- ठाकुरों को कुचलने का किया जा रहा प्रयास

गाजियाबाद, करंट क्राइम। हापुड़ के धौलाना में क्षत्रिय स्वाभिमान महासम्मेलन में पहुंचे किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि भाजपा के नेता लगातार क्षत्रियों के विरुद्ध कुछ ना कुछ बोलने और उनकी खिलाफत का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ठाकुर तो भाजपा का मूल वोट बैंक रहा है। लेकिन आज इसी वोट बैंक की अपेक्षा की जा रही है। पहले तो टिकट के बंटवारे में गड़बड़ी की गई, उसके बाद अब ठाकुरों को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। पूरन सिंह बुधवार को धौलाना के एनटीपीसी रोड स्थित फार्म हाउस में क्षत्रिय स्वाभिमान सम्मेलन के दौरान बोल रहे थे। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की पौत्री मंजरी सिंह ने राजपूत को संगठित रहने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्ता द्वारा समाज के लोगों की उपेक्षा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज समय है कि संगठित होकर इस सत्ता को आईना दिखाया जाए।

कार्यक्रम के दौरान कई वक्ताओं ने भाजपा के बहिष्कार का ऐलान किया। इस दौरान समाज के लोगों ने सर्व सम्मति से इस संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

किस दल को करेंगे सपोर्ट इस पर सस्पेंस

करंट क्राइम। ठाकुर नाराज हैं और उनकी नाराजगी का संदेश पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर दिया जा रहा है। पंचायतें हो रही हैं और इसी कड़ी में बुधवार को धौलाना में एक पंचायत हुई। इस पंचायत में ठाकुर समाज के लोग जुटे। आसपास के गांव से भी क्षत्रिय समाज के लोग पहुंचे। लेकिन यहां पर भाजपा से नाराजगी तो दिखाई दी मगर इस नाराजगी का फायदा किसी राजनीतिक दल को मिलता दिखाई नहीं दिया। महापंचायत में ये तय हुआ कि भाजपा को समर्थन नहीं दिया जायेगा। लेकिन भाजपा के स्थान पर किसे समर्थन देंगे यह भी तय नहीं हुआ। सम्मेलन किसके पक्ष में होना है और पंचायत का असली फैसला क्या है इसे लेकर करंट क्राइम ने ठाकुर बैल्ट के प्रभावशाली चेहरे माने जाने वाले ललित राणा से बात की। उन्होंने कहा कि अभी हमने समर्थन को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया है। भाजपा को समर्थन नहीं करेंगे ये फैसला हमारा है लेकिन भाजपा के स्थान पर किसको समर्थन करेंगे यह आने वाले दो-तीन दिन में तय होगा। फिलहाल ठाकुरों के समर्थन को लेकर एक सस्पेंस बना हुआ है।

यूथ आईकॉन नीरज सिंह आ रहे हैं अतुल गर्ग के चुनाव में देने के लिए धार

दो दिन तक गाजियाबाद में डेरा डालकर करेंगे ताबड़ तोड़ प्रचार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नीरज सिंह गाजियाबाद के लिए वो नाम हैं जिनकी टीआरपी दिलों में समाई है। नीरज सिंह गाजियाबाद आते हैं तो एक काफिला उनके साथ चलता है। ये वो परिवार है जिनका मोबाइल नंबर गाजियाबाद के भाजपा कार्यकताओं के फोन में नीरज भैया के नाम से सेव है। राजनाथ सिंह के लिए आदर का ये भाव है कि उन्हें उनकी अनुपस्थित माननीय जी कहकर बुलाया जाता है। जब यहां चुनाव प्रचार जोर पकड़ रहा है तब ऐसे में यहां यूथ आईकॉन नीरज सिंह भी भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के चुनाव में धार देने के लिए आ रहे हैं। वो लगातार दो दिन तक गाजियाबाद में रहेंगे और ताबड़तोड़ प्रचार करेंगे। नीरज सिंह 21 और 22 अप्रैल को गाजियाबाद में रहेंगे। वो कहीं पर लोगों से मुलाकात करेंगे और भाजपा का प्रचार करेंगे। कहीं उनकी जनसभा होगी और कहीं पर वो पदयात्रा करेंगे।

समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता के घर पर करेंगे नीरज सिंह बैठक

करंट क्राइम। यूथ आईकॉन नीरज सिंह जब 21अप्रैल को आयेंगे तो यहां वो प्रचार की शुरूआत समरकूल चेयरमैन और भाजपा के महानगर कोषाअध्यक्ष संजीव गुप्ता के घर से करेंगे। नीरज सिंह 21 अप्रैल को 11.30 बजे संजीव गुप्ता के घर पर बैठक करेंगे। इस दिन उनके सुबह से शाम तक 9 कार्यक्रम हैं। वह गोविन्दपुरम में अतुल त्यागी के निवास पर बैठक करेंगे। फिर वो गोदारा फार्महाऊस मुरादनगर में राजीव चौहान के यहां बैठक करेंगे। क्रासिंग रिपब्लिक में प्रीती चंद्रा राय के यहां बैठक होगी और भौपुरा में डब्बी पहलवान के यहां बैठक होगी। इसके अलावा नीरज सिंह शिप्रा इन्दिरापुरम में इसी दिन शाम को 6.30 बजे इन्दिरापुरम में पद यात्रा करेंगे और भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करेंगे। 21 अप्रैल को ही वह विजय नगर, खोड़ा, शालीमार गार्डन और सिद्धार्थ विहार में जनसभा भी करेंगे।

दो दिन में 9 जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे नीरज सिंह

करंट क्राइम। यूथ आईकॉन नीरज सिंह ऐसे ही डेरा डालकर प्रचार करने नहीं आये हैं वो शहर की पॉश कॉलोनी से लेकर गांव देहात तक फेरा करेंगे। वो दो दिन में 9 जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। 21 अप्रैल को वो यतेन्द्र नगर के यहां गंगा यमुना हिंडन अपार्टमेंट सेक्टर-7 सिद्धार्थ विहार गाजियाबाद में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। खोड़ा में जनसभा को सम्बोधित करेंगे और शालीमार गार्डन में स्वामी विवेकानन्द पार्क में नीरज सिंह जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इस जनसभा की व्यवस्था रवि भाटी और कालीचरण संभालेंगे। इसके अलावा 22 अप्रैल को नीरज सिंह का दिन जनसभाओं के नाम रहेगा। वो गालंद गांव में सुबह 11 बजे प्रेमपाल बाबा के घर पर 12 बजे, शौलाना में दोपहर 1 बजे, नारायणपुर में दोपहर 2 बजे उसके बाद सपनावत और फिर फरौता गांव में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

नीरज सिंह शहर की पॉश कॉलोनी से लेकर गांव देहात तक करेंगे फेरा

22 अप्रैल को धौलाना से लेकर सपनावत तक नीरज सिंह रहेंगे अतुल गर्ग के प्रचार में

करंट क्राइम। 22 अप्रैल को नीरज सिंह गालंद गांव में योगेन्द्र के घर के सामने जनसभा करेंगे। इसके बाद प्रेमपाल बाबा के घर पर जनसभा होगी और फिर शौलाना में जनसभा करेंगे। टीकरी में सुरेन्द्र मुन्ना के यहां बैठक होगी। नारायणपुरण सपनावत और फरौता में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

संपादकीय

मायावती का अलग राज्य

बसपा प्रमुख मायावती ने चुनाव प्रचार के दौरान पश्चिमी उप्र को एक अलग, स्वायत्त राज्य बनाने का मुद्दा उछाला है। जब मायावती 2007-12 के दौरान उप्र की मुख्यमंत्री थीं, तब भी वह इस मुद्दे पर मुखर थीं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और उनके बाद भी इसी भूक्षेत्र को हरित प्रदेश नामक राज्य बनाने को आंदोलन और अभियान छेड़े गए थे। हरित प्रदेश राष्ट्रीय लोकदल के महत्वपूर्ण मुद्दों में एक था। चूंकि पश्चिमी उप्र जाट, किसान, गुर्जर बहुल आबादी का क्षेत्र है, जिनका बुनियादी पेशा कृषि है, लिहाजा हरित प्रदेश नाम देने की बार-बार बात कही गई, लेकिन अब मायावती ने जो मुद्दा उठाया है, उसकी भावुकता हरित प्रदेश से न जुड़ कर राजनीतिक और चुनावी अधिक है। बसपा को आम चुनाव, 2024 में कोई बड़ा फायदा मिलेगा, ऐसे आसार नहीं हैं, क्योंकि मायावती राजनीतिक तौर पर उतनी सक्रिय भी नहीं हैं। किसी भूखंड, क्षेत्र का पुनर्गठन कर नया, अलग राज्य बनाना आसान नहीं है। अलग राज्य के लिए संस्कृति, भाषा और जन-आंदोलन का होना बेहद अनिवार्य है। भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन का सिलसिला 1953 में शुरू हुआ, जब आंध्रप्रदेश को प्रथम भाषायी राज्य बनाने की प्रक्रिया आरंभ की गई। तत्कालीन मैसूर राज्य और मद्रास राज्य के हिस्सों को अलग कर आंध्रप्रदेश नए राज्य का पुनर्गठन किया गया। 2013-14 में आंध्रप्रदेश का विभाजन किया गया और तेलंगाना नया, अलग राज्य बनाया गया। राज्य पुनर्गठन आयोग भारत सरकार का एक संस्थान है, जो नया, अलग राज्य बनाने की प्रक्रिया सम्पन्न करता है। आयोग राज्यों के विभिन्न विवादों का भी निपटान करता है।

अलग राज्य बनाने के पीछे राजनीतिक समर्थन ही पर्याप्त नहीं, एक स्वतंत्र प्रशासनिक ईकाई स्थापित करना ही मकसद नहीं, बल्कि भाषा और संस्कृति अहम कारक होते हैं। आंध्रप्रदेश को भाषायी आधार पर अलग राज्य बनाने के बाद ही समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। राज्य पुनर्गठन आयोग ने इसी मुद्दे का व्यापक अध्ययन किया और 1955 में निष्कर्ष दिया कि अलग राज्य बनाने के लिए भाषायी ही सबसे सशक्त आधार है। राज्य सिर्फ एक प्रशासनिक ईकाई, एक अलग, स्वतंत्र सरकार ही नहीं है, वहां लोकतांत्रिक संस्थानों की प्रक्रिया और कार्यप्रणाली भी भावनात्मक हो। भाषा इस संदर्भ में इसका माकूल जवाब हो सकती है। प्रशासन के प्रभावों का भी सवाल है। कभी प्रभावशीलता प्रशासनिक ईकाई के आकार से भी तय होती है। करीब अढाई दशक पहले हरित प्रदेश रालोद का सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा था। आज नहीं है। इसी दौर में भाषायी आधार और क्षेत्रीय इतिहास, संस्कृति के आधार पर अलग राज्यों की मांगें मुखर होने लगीं। नतीजतन झारखंड, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ राज्य बनाए गए। उनके मूल राज्य-बिहार, उप्र और मध्यप्रदेश इतने विशाल राज्य थे कि विभाजन होने के बावजूद कुछ और अलग राज्यों की मांगें गूंजती रहती हैं। आवास और शहरी मामलों की संसदीय कमेटी की एक रपट में अनुमान लगाया गया था कि राष्ट्रीय जीडीपी में शहरी भारत की हिस्सेदारी 65 फीसदी है, लिहाजा शहरी प्रभुत्व राज्य में राजनीतिक आयामों और गतिशीलता को बदल सकता है। राज्य सरकार को जो टैक्स मिलता है, उस पर भी स्वायत्त नियंत्रण इसी वर्चस्व से तय होगा। पश्चिमी उप्र का मुद्दा अपेक्षाकृत आर्थिक रूप से कमजोर क्षेत्र का होगा।

'2024 में भारत की वृद्धि दर 6.5% रह सकती है', यूएनसीटीएडी ने अपनी रिपोर्ट में किया दावा

नई दिल्ली। यूएनसीटीएडी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2024 में भी भारत में विकास दर में वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में चीन की ओर इशारा करते हुए कहा गया है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने के लिए विनिर्माण के लिए में भारत पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 में भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (वठउळअऊ) ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत ने 2023 में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि की और 2024 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, और यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है, 2023 में हुई वृद्धि मजबूत सार्वजनिक पूंजीगत निवेश ओर सेवा क्षेत्र की वृद्धि से प्रेरित रही। इस दौरान घरेलू बाजार में उपभोक्ता सेवाओं की मजबूत घरेलू मांग और व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात के लिए दृढ़ बाहरी मांग से लाभ मिला।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इन कारकों से 2024 में भी भारत में विकास को समर्थन जारी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में चीन की ओर इशारा करते हुए कहा गया है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने के लिए विनिर्माण के लिए में भारत पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया, 'आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने और भारत में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं के विस्तार में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बढ़ती प्रवृत्ति से देश के निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जबकि कमोडिटी की कीमतों में नरमी देश के आयात बिल के लिए फायदेमंद होगी।'

पिछले हफ्ते, विश्व निकाय में लॉन्च की गई फ्लैगशिप '2024 फाइनेंसिंग फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट: फाइनेंसिंग फॉर डेवलपमेंट एट ए क्रॉसरोड्स' ने कहा कि दक्षिण एशिया, खासकर भारत में निवेश मजबूत बना हुआ है। इसमें कहा गया है कि भारत को बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बढ़ती दिलचस्पी से फायदा हो रहा है, जो विकसित अर्थव्यवस्थाओं की आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण रणनीतियों तहत देश (भारत) को वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में देखते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'चीन, भारत, इंडोनेशिया, रूस, अमेरिका जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं समेत कुछ अर्थव्यवस्थाएं इस साल की शुरूआत में आई वित्तीय संकट से बच गईं।' इसके परिणामस्वरूप वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2.7 प्रतिशत रही, जो वैश्विक मंदी की सीमा 2.5 प्रतिशत की सीमा से महज 0.2 प्रतिशत अधिक है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की अर्थव्यवस्था 2024 में 4.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जो बाहरी अनिश्चितताओं, एक समस्याग्रस्त आवास बाजार, एक कम प्रदर्शन करने वाले श्रम बाजार और कम खपत जैसी कुछ विपरीत परिस्थितियों का सामना कर रही है।

आरबीआई की ओर से ब्याज दरों को स्थिर बनाए रखने की उम्मीद

यूएनसीटीएडी की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से निकट भविष्य में ब्याज दरों को स्थिर बनाए रखने की उम्मीद है, जबकि सार्वजनिक उपभोग पर रोक लगाने वाले खर्च की भरपाई मजबूत सार्वजनिक निवेश मद में खर्च से हो जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार हालांकि, अन्य दक्षिणी एशियाई देशों में, आर्थिक विकास अधिक मंद बना हुआ है। इस क्षेत्र के तीन देश बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका वर्तमान में आईएमएफ से मदद ले रहे हैं, जिनकी शर्तों में सख्त मौद्रिक नीतियों और राजकोषीय मितव्ययिता उपायों को लागू करना है। जिसका प्रभाव कम आय वाले परिवार गंभीर रूप से महसूस कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर विकास दर 2024 में 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2023 के 2.7 प्रतिशत की तुलना में थोड़ा धीमा है।

लगातार तीसरे वर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था महामारी के पहले की तुलना में सुस्त

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 लगातार तीसरा वर्ष होगा जिसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था महामारी से पहले की तुलना में धीमी गति से बढ़ेगी। इससे पहले 2015 से 2019 के दौरान वैश्विक वृद्धि की औसत दर 3.2 प्रतिशत थी। वठउळअऊ की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में वैश्विक आर्थिक विकास को धीमा करने के लिए जिन जोखिमों ने काफी हद तक खतरा पैदा किया था, वे पूरी तरह से अमल में नहीं आए।

ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार लोगों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन (48) को जनवरी में ईडी ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में होटवार की बिरसा मुंडा जेल में हैं। मुख्य आरोपी और राजस्व विभाग के पूर्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, मोहम्मद सद्दाम हुसैन और अफशर अली को भी गिरफ्तार किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य से जुड़े कथित अवैध भूमि हड़पने से जुड़े धनशोधन मामले में चार नई गिरफ्तारियां की हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है उनकी पहचान अंतू तिर्की, प्रिय रंजन सहाय, बिपिन सिंह और इरशाद के रूप में की गई है। ईडी ने मंगलवार को तिर्की और कुछ अन्य के परिसरों की तलाशी ली थी।

इन गिरफ्तारियों के साथ, इस मामले में हिरासत में लिए गए लोगों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन (48) को जनवरी में ईडी ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में होटवार की बिरसा मुंडा जेल में हैं। मुख्य आरोपी और राजस्व विभाग के पूर्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, मोहम्मद सद्दाम हुसैन और अफशर अली को भी गिरफ्तार किया गया है। सोरेन के खिलाफ जांच रांची में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़ी है। ईडी का आरोप है कि इसे अवैध रूप से कब्जे में लिया गया था। एजेंसी ने सोरेन, प्रसाद और सोरेन के कथित 'फ्रंटमैन' राज कुमार पाहन और हिलारियास कच्छप तथा पूर्व मुख्यमंत्री के कथित सहयोगी बिनोद सिंह के खिलाफ 30 मार्च को यहां विशेष पीएमएलए अदालत में आरोपपत्र दायर किया था।

सोरेन ने मंगलवार को रांची की एक विशेष अदालत के समक्ष जमानत याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने यह आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी राजनीति से प्रेरित और उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए मजबूर करने की एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा थी। ईडी ने रांची में स्थित जमीन भी कुर्क की है और अदालत से भूखंड जब्त करने का अनुरोध किया है। मनी लॉन्ड्रिंग की जांच झारखंड पुलिस की ओर से राज्य सरकार के अधिकारियों सहित कई लोगों के खिलाफ भूमि घोटाले के मामलों में दर्ज कई एफआईआर से संबंधित है। मामले में मुख्य आरोपी प्रसाद है, जो सरकारी रिकॉर्ड का संरक्षक था।

2023-24 में दालों का आयात दोगुना हुआ

देश में उत्पादन घटने से चालू वित्त वर्ष में भी हो सकता है इजाफा

नई दिल्ली। सरकार की चिंता कारण यह है कि किसानों को प्रोत्साहन देने के कई कदम उठाने के बावजूद पिछले दो से तीन वर्षों में दलहन का उत्पादन घटा है। इससे आयात पर निर्भरता बढ़ी है।

कृषि मंत्रालय के अनुमानों के अनुसार इस साल दलहन का उत्पादन 234 लाख टन रह सकता है। पिछले साल 261 लाख टन दलहन का उत्पादन हुआ था। सरकार की ओर से किसानों को प्रोत्साहन देने के कई उपायों बावजूद आयातित दालों पर भारत की निर्भरता बनी हुई है। हमें अब भी घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ी मात्रा में दलहन उत्पादों का आयात करना पड़ रहा है। अनुमानित आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में दालों का आयात लगभग दोगुना हो गया और 3.74 अरब डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि आधिकारिक आंकड़े अब भी आने बाकी हैं लेकिन शिपमेंट्स से पता चलता है कि करीब 45 लाख टन दाल का आयात किया गया। इससे पिछले साल यह आंकड़ा 24.5 लाख टन का था।

सरकार से जुड़े सूत्रों ने एएनआई को बताया कि घरेलू बाजार में दलहन के मांग की पूर्ति और कीमतों को स्थिर रखने के लिए केंद्र ब्राजील और अर्जेंटीना जैसे नए बाजारों के साथ दीर्घकालिक समझौते पर बातचीत कर रहा है। ब्राजील से 20,000 टन उड़द का आयात होना है जबकि अर्जेंटीना से अरहर के आयात के लिए बातचीत लगभग अंतिम पड़ाव पर है। सरकार ने दालों के आयात के लिए मोजाम्बिक, तंजानिया और म्यांमार से भी संपर्क किया है। हाल के दिनों में दालों के आयात में वृद्धि से घरेलू बाजार में आपूर्ति बढ़ेगी, जिससे कीमतें स्थिर सकतीं हैं।

इससे पहले सरकार ने पीले मटर के आयात को जून तक ड्यूटी फ्री कर दिया है। वहीं, अरहर और उड़द का आयात 31 मार्च 2025 तक कर मुक्त कर दिया गया है। देश में आम चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है ऐसे में सरकार के लिए दालों की कीमतें ना बढ़ें यह बड़ी चिंता का विषय है। कीमतों पर नियंतण के लिए 15 अप्रैल (सोमवार) को दालों के स्टॉक के लिए लिमिट तय कर दी है। सरकार ने राज्यों से भी कहा है कि वे भी जमाखोरी रोकने के लिए सतर्क रहें।

सरकार की चिंता कारण यह है कि किसानों को प्रोत्साहन देने के कई कदम उठाने के बावजूद पिछले दो से तीन वर्षों में दलहन का उत्पादन घटा है। कृषि मंत्रालय के अनुमानों के अनुसार इस साल दलहन का उत्पादन 234 लाख टन रह सकता है। पिछले साल 261 लाख टन दलहन का उत्पादन हुआ था।

राशिफल

मेष: संयत रहें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

वृष: क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार के विस्तार में भाई-बहन का सहयोग मिल सकता है।

मिथुन: आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

कर्क: व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

सिंह: मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। क्रोध से बचें। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है।

कन्या: आत्मविश्वास रहेगा, परन्तु आपसी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

तुला: मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक: आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

धनु: आत्मसंयत रहें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

मकर: मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। व्यर्थ की परेशानियों से चिंतित रहेंगे। कारोबार में वृद्धि हो सकती है, परन्तु कुछ कठिनाइयां अभी बनी रहेंगी।

कुंभ: आत्मविश्वास में कमी एवं मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

मीन: मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

चुटकुले

संता- डॉक्टर चश्मा लगने के बाद मैं पढ़ तो सकूंगा ना...?
डॉक्टर- हां बिल्कुल...
संता- फिर ठीक है डॉक्टर, नहीं तो अनपढ़ आदमी की जिंदगी भी कोई जिंदगी है...!!

वोटर- ये जो उंगली पर स्याही लगाई गई है, ये कितने दिन में निकलेगी?
चुनाव अधिकारी- तीन महीने में।
वोटर- मेरे बालों पर भी लगादो प्लीज... डाई तो 15 दिन में ही निकल जाती है।

पति- तुम इतना क्यों चिल्लाती हो?
पत्नी- क्योंकि हर बार गलती तुम ही करते हो।
पति- काश तू एक बकरी होती।
पत्नी- तो फिर क्या करते?
पति- फिर मैं तुझसे पूछता कि बता कौन ज्यादा गलती करता है।
और तुम चिल्ला के बोलती- 'मैं...मैं...मैं...'

रोचक तथ्यों का करंट



- दो केलों में 90 मिनट तक कड़े व्यायाम करने के लिए ऊर्जा होती है। केले को खुशी देने वाला फल भी कहा जाता है।
- जो लोग जल्दी शरमाते हैं वे अधिक दयालु, विश्वसनीय होते हैं।
- आप जिनसे प्यार करते हैं उनके बगल में सोने से न केवल अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढती है। आपको नींद जल्दी आती है और आप गहरी नींद में सोते हैं।
- हमारे दिमाग में अच्छी यादों से ज्यादा बुरी यादों को याद रखने की क्षमता होती है।
- बाएं हाथ से काम करने वाले लोग दांए हाथ से काम करने वाले लोगों की तुलना में कम्प्यूटर गेम्स और खेलों में ज्यादा तेजी से काम करते हैं।
- सिर्फ एक घंटे तक भी अगर हेडफोन का इस्तेमाल कर लिया जाए तो आपके कानों में बैक्टीरिया 700 गुना ज्यादा बढ जाते हैं।
- अगर आप मदद के लिए पुकार रहे हैं तो कुछ लोगों को खासतौर पर चुनिए जैसे आप जिन्होंने लाल शर्ट पहनी है। इससे उन लोगों को जिम्मेदारी का एहसास होगा और आपको मदद मिलने की संभावना बढ जाएगी।

करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

18 04 2024

आज के जन्मदिन


आरव शर्मा


रिचा सिंह भदौरिया


अजीत मक्कड


नीतिन शर्मा


नीरज कौशिक


अवनीश पवार

सेलेब्रिटी जन्मदिन


पूनम ढिल्लोन
अभिनेत्री


नीरज शर्मा

विवेक कुमार सिंह


प्रमोद मित्तल


तरुण प्रजापति


नैन सिंह


पुष्पेन्द्र वर्मा

अरविंद शर्मा

प्रदीप शर्मा

पंकज ठाकुर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए जी एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

टी20 विश्व कप में रोहित-कोहली करेंगे ओपनिंग, यशस्वी-गिल का कटेगा पत्ता? दुबे-पराग को लेकर भी हुई चर्चा

मुंबई। आईपीएल 2024 के बाद वेस्टइंडीज-अमेरिका की सह-मेजबानी में टी20 विश्व कप खेला जाना है। इसको लेकर चचाओं का बाजार गर्म होता जा रहा है। हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई थी कि कुछ दिनों पहले टी20 विश्व कप की टीम के चयन को लेकर भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़, मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने एक मीटिंग की थी। जैसे-जैसे संभावित स्क्वॉड के चयन को लेकर तारीख नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे इस मीटिंग से जुड़ी रिपोर्ट्स भी सामने आने लगी हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि चयनकर्ता रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली को ओपनिंग कराने पर भी विचार कर रहे हैं। कुछ युवा खिलाड़ियों पर गिर सकती है गाज इस साल जनवरी तक तो कोहली और रोहित के टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने पर सस्पेंस था। हालांकि, जनवरी में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज से दोनों ने इस प्रारूप में वापसी की। उस सीरीज में विराट के प्रदर्शन से चयनकर्ता खुश नहीं थे, लेकिन आईपीएल में विराट की बल्लेबाजी शानदार रही है। आईपीएल 2024 में विराट ने अपनी टीम के लिए ओपनिंग की और सात मैचों में 147 के स्ट्राइक रेट से 361 रन बना चुके हैं। अगर विराट ओपनिंग उतरते हैं तो कुछ युवा खिलाड़ियों पर गाज गिर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोहली चयनकर्ता से टी20 विश्व कप में अपने स्थान को लेकर स्पष्टता चाहते थे। इसके बाद ही चयनकर्ताओं ने उनके सामने ओपनिंग की चुनौती रखी। शिवम दुबे-रियान पराग के नामों पर चर्चा अगर कोहली ओपनिंग करते हैं तो चौथे नंबर पर पावर हिटर्स के लिए एक स्थान खाली होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक चयनकर्ता इस स्थान पर शिवम दुबे या रियान पराग में से किसी एक को शामिल करने पर विचार कर रहे हैं। शिवम जहां पेस बॉलिंग ऑलराउंडर हैं, वहीं पराग आक्रामक बल्लेबाजी के साथ लेग स्पिन भी कर सकते हैं।

इस सीजन आईपीएल में इन दोनों बल्लेबाजों ने कुछ बेहतरीन पारियां खेली हैं और शानदार फॉर्म में दिखे हैं। दोनों बड़े हिट्स लगाने में माहिर हैं। असम के रियान ने सात मैचों में 161.42 के स्ट्राइक रेट से 318 रन बनाए हैं। हीं, शिवम दुबे ने छह मैचों में 163.51 के स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाए हैं। उन्होंने चेन्नई के लिए फिनिशर का रोल बखूबी निभाया है। हालांकि, रियान और शिवम दोनों ने इस सीजन गेंदबाजी नहीं की है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह उपयोगी साबित हो सकते हैं।

आईपीएल में विराट कर रहे शानदार बल्लेबाजी

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति कोहली को बतौर ओपनर टीम में शामिल करना चाहती है। इसको लेकर मीटिंग में काफी देर तक चर्चा हुई। टी20 विश्व कप के लिए टीम में कोहली के स्थान को लेकर पिछले काफी समय से चर्चा हो रही है। आईपीएल शुरू होने से पहले कुछ रिपोर्ट्स में यह बात भी सामने आई थी कि अगरकर उन्हें टीम से बाहर करने पर विचार कर रहे हैं और उन्हें किसी युवा खिलाड़ी के लिए अपना स्थान खाली करने को बोल रहे हैं। हालांकि, अब जब विराट मौजूदा आईपीएल में ऑरेंज कैप की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं तो चयनकताओं का मन बदला है और वह विराट को नए रोल में टीम में शामिल करने पर विचार कर रहे हैं।

रिंकू और बुमराह का खेलना भी तय

रिंकू सिंह का बतौर फिनिशर खेलना भी लगभग तय माना जा रहा है। उन्हें छठे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जा सकता है। इसके अलावा तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह का चयन लगभग तय है। वहीं, मयंक यादव, मोहसिन खान, मोहम्मद सिराज के बीच तेज गेंदबाजी को लेकर टक्कर है। कुलदीप यादव का भी टी20 विश्व कप में जाना तय माना जा रहा है। वहीं, अक्षर पटेल को बैकअप स्पिनर के तौर पर टीम में शामिल हो सकते हैं। टी20 विश्व कप की शुरूआत एक जून से होने जा रही है। वहीं, भारत अपना पहला मैच पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ खेलेगा। टीम इंडिया नौ जून को पाकिस्तान से भिड़ेगी। यह मुकाबला न्यूयॉर्क में खेला जाएगा।

यशस्वी का कट सकता है पत्ता, गिल बैकअप ओपनर?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगर कोहली रोहित के साथ ओपनिंग के लिए उतरते हैं तो यशस्वी जायसवाल को टीम से बाहर या फिर रिजर्व में रखा जा सकता है। चयनकर्ता शुभमन गिल को बैकअप ओपनर के तौर पर रखने पर विचार कर रहे हैं। यशस्वी इस सीजन कुछ खास नहीं कर सके हैं और सात मैचों में 17.29 की औसत से 121 रन ही बना पाए हैं। वहीं, शुभमन का फॉर्म थोड़ा बेहतर रहा है। उन्होंने गुजरात टाइटंस की कप्तानी करते हुए बतौर ओपनर छह मैचों में 151.78 के स्ट्राइक रेट से 255 रन बनाए हैं। वह ऑरेंज कैप की रेस में छठे स्थान पर हैं। रोहित-कोहली के साथ ओपनिंग को लेकर चर्चा 2021 टी20 विश्व कप के समय से ही है, लेकिन कभी ऐसा नहीं हो सका। इस बार यह संभव होता नजर आ रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि यह इन दोनों का आखिरी टी20 विश्व कप भी हो सकता है।

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग को वाल्मीकि समाज ने दिया समर्थन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग को जनपद के वाल्मीकि समाज ने अपना समर्थन दिया। समर्थन सभा अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा की बैनर तले हिंदी भवन में आयोजित की गई थी जिसमें गाजियाबाद जनपद की पांचो विधानसभाओं से वाल्मीकि समाज के महत्वपूर्ण कार्यकर्ता उपस्थित रहे। लोनी से प्रदीप गहलोत के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे साहिबाबाद विधानसभा से मोनू वाल्मीकि, मुरादनगर विधानसभा से गौरव वाल्मीकि, कर्मवीर वाल्मीकि, मोदीनगर विधानसभा से अमित दिसावर, गाजियाबाद विधानसभा से आजाद वाल्मीकि, प्रवीण गहलोत, सनी वाल्मीकि, नीरज वाल्मीकि, दलित सिंह होते प्रवीण सुस्वाल, कपिल चौहान, जॉनी वाल्मीकि,

रितिक सिंह, शक्ति जीनवाल वाल्मीकि आदि सैकड़ो की संख्या में वाल्मीकि समाज के जुझारू कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय वाल्मीकि, महासभा प्रदीप चौहान वाल्मीकि के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नेता मयंक गोयल, मोनिका पंडित, राकेश त्यागी, तरुण शर्मा, संदीप त्यागी, लवली कर, मीणा गांधी राजेश्वरी, वैष्णव सुमन सक्सेना, वंदना पांडे शहर मंडल महिला मोर्चा के अध्यक्ष शिरोमणि त्यागी, आरती बतला आदि मातृशक्ति इस अवसर पर उपस्थित रही कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने भाजपा प्रत्याशी श्री अतुल गर्ग के समक्ष वाल्मीकि समाज की समस्याओं का भी बखान किया और कहा है कि जीत तो आपकी और मोदी जी के निश्चित है परंतु बालमिकी समाज के मुद्दों को भी भारत की संसद तक ले जाने की जिम्मेदारी आपकी है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर अभी चंद खैर के द्वारा की गई कार्यक्रम में गाजियाबाद जनपद की पांचो विधानसभा के प्रतिनिधियों ने भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग का जोरदार स्वागत किया। भाव उपस्थित वाल्मीकि समाज की शक्ति ने मोदी और योगी के साथ रहने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई चौहान ने कहा कि हम राष्ट्रवाद को प्राथमिकता देते हैं और जीवन भर राष्ट्रवाद को प्राथमिकता देते रहेंगे। मोदी जैसी शख्सियत देश में बहुत मुश्किल से पैदा होती है देश के बहुत सारे कलंकों को पिछले 10 साल में मोदी ने धोने का काम किया है इसलिए वाल्मीकि समाज सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा कार्यक्रम में शम्मी वाल्मीकि, राजेंद्र चौहान, बिजेंदर, विनीत त्यागी, अनिल जिंदल, उमेश गर्ग, इशांत वाल्मीकि, कृष वाल्मीकि, संजीत वाल्मीकि, विपिन वाल्मीकि, सागर वाल्मीकि, राजेंद्र गोद वाल्मीकि, मनोज ललित सिंह होते मनोज गुल्लू सुनील सूद बॉबी वाल्मीकि, भाजपा नेता प्रदीप गहलोत, भाजपा नेता प्रवीण गहलोत, नीरज वाल्मीकि, शनिवार्मी की और कौन थे। दास बाबू चौहान, राजेश्वर चौहान, राजवीर चंदेल, मोनू वाल्मीकि, अरुण मेहरा आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकमत से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग को अपना सहयोग और समर्थन देने का संकल्प लिया।

पैरा तीरंदाज शीतल ने खेलो इंडिया राष्ट्रीय मीट में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता

नई दिल्ली। एशियाई पैरा खेलों की गोल्ड विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं।

डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरूआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय

पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

एकता को स्वर्ण पदक जीतने के लिए 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि मिली जबकि शीतल को 40 हजार रुपये मिले। टूर्नामेंट तीन श्रेणियों - सीनियर, जूनियर और सब जूनियर रिकर्व तथा कंपाउंड वर्ग में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 87 तीरंदाजों ने भाग लिया।

'11 बैटर्स के साथ उतरे आरसीबी', बेंगलुरु के खराब प्रदर्शन पर भड़के श्रीकांत

बेंगलुरु। भारत के पूर्व क्रिकेटर के. श्रीकांत मौजूदा आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खराब प्रदर्शन से निराश हैं। उन्होंने कहा है कि वह चिन्नास्वामी स्टेडियम में रिकॉर्ड तोड़ मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के गेंदबाजों के प्रदर्शन को देखकर आहत थे। सोमवार को आरसीबी को एसआरएच से 25 रन से हार का सामना करना पड़ा, जो सात मैचों में उनकी छठी हार रही। सनराइजर्स ने 20 ओवर में 287/3 का स्कोर बनाया, जो आईपीएल इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर रहा। श्रीकांत ने आरसीबी पर तंस कसते हुए कहा कि उन्हें मैदान पर 11 बल्लेबाजों के साथ ही उतरना चाहिए, खासकर तब जब वे एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलते हैं। श्रीकांत ने यह भी कहा कि विराट कोहली मैच में 287 रन लुटाने वालों से बेहतर गेंदबाजी कर

सकते थे। श्रीकांत ने एक यूट्यूब शो पर कहा- रीस टॉप्ले की धुनाई हो रही है। लोकी फर्ग्यूसन की धुनाई हो रही थी। उन्होंने आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। फर्ग्यूसन ने कोलकाता से बेंगलुरु तक का सफर तय किया है। विल जैक्स उनके सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। बेहतर होगा कि वे 11 बल्लेबाजों को खिलाएं। फाफ डुप्लेसिस को दो ओवर फेंकने के लिए कहें। कैमरन ग्रीन को चार ओवर दें। मुझे लगता है कि विराट कोहली ने इतने रन नहीं दिए होते अगर उन्होंने चार ओवर फेंके होते। विराट कोहली एक अच्छे गेंदबाज हैं। एक समय मुझे विराट कोहली के लिए बहुत बुरा लग रहा था, जो स्टेडियम से गेंदों को उड़ते हुए देख रहे थे। जब वह बल्लेबाजी के लिए उतरे तो वह गुस्से में निकले। ट्रेविस हेड आरसीबी के गेंदबाजों की धुनाई कर रहे थे और अब्दुल समद तक ने बड़े शॉट खेले। आरसीबी ने सनराइजर्स के खिलाफ कोई भी स्पेशलिस्ट स्पिनर को मौका नहीं दिया था। इसके अलावा मोहम्मद सिराज को भी बेंच पर बैठाया था। टीम की गेंदबाजी लाइन अप अनुभवहीन लग रही थी। आरसीबी के लिए विल जैक्स ऑफ स्पिन गेंदबाजी करते दिखे। उन्होंने तीन ओवरों में 32 रन खर्च किए। तेज गेंदबाज रीस टॉप्ले, यश दयाल, लोकी फर्ग्यूसन और विजयकुमार वैशाक ने 10 ओवर में 137 रन लुटाए। यह बल्लेबाजों के लिए एक सही दिन था क्योंकि सनराइजर्स ने 22 छक्के और आरसीबी ने 16 छक्के लगाए। इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने टी20 बल्लेबाजी को नए स्तर पर पहुंचा दिया। उन्होंने पारी में 41 चौके लगाए।

मैंने एमएस धोनी और विराट कोहली...केकेआर के खिलाफ मैच जिताऊ पारी पर जोस बटलर ने किया बड़ा खुलासा

जयपुर। मंगलवार को जोस बटलर ने सुनील नरेन की शतकीय पारी पर पानी फेरते हुए राजस्थान रॉयल्स को रिकॉर्ड जीत दिलाई। केके आर के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल इतिहास के संयुक्त रूप से सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया।

224 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की टीम एक समय 6 विकेट खोकर 121 का स्कोर बनाकर संघर्ष कर रही थी। हालांकि, बटलर ने हिम्मत दिखाते हुए अंत तक बल्लेबाजी की और केके आर के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स पर अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई।

राजस्थान रॉयल्स ने अपने ही चार साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की है। 2020 में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ शारजाह में राजस्थान रॉयल्स ने 224 रन के

लक्ष्य का सफलतापूर्वक हासिल किया था। बटलर ने मौजूदा सीजन में अपना दूसरा शतक जड़ा है।

इस दौरान बटलर क्रैंप्स के कारण मैदान पर संघर्ष कर रहे थे। हालांकि, वह क्रीज पर डटे रहे और आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक जमाने के मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़कर दूसरे स्थआन पर पहुंचे। बटलर ने उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बटलर ने अवॉर्ड लेने के बाद कहा कि, खुद पर विश्वास रखना जरूरी था और यही इस मैच की प्रमुख बात रही।

बटलर ने कहा, 'विश्वास करते जाइए, यही आज की असली कुंजी थी। मैं लय के लिए संघर्ष कर रहा था। कभी आप निराश होकर खुद से सवाल करने लगते हैं। मैंने खुद से कहा कि ठीक है। खेलते रहा और जरूर लय हासिल करोगे। बस शांत रहने की कोशिश करना। आईपीएल के दौरान आप कई आकर्षक चीजें देखते हैं।'

साथ ही उन्होंने कहा कि, धोनी और कोहली जिस तरह वो अंत तक खेलते हैं और मैंने भी सोचा करने की कोशिश की।

यह बात संगकारा मुझे काफी कर चुके हैं। एक हमेशा समय ऐसा होता है जब चीजें बदल जाती हैं। सबसे खराब चीज ये है कि आप लड़े नहीं और अपना विकेट उपहार में दे दिया। संगकारा ने कहा कि बस विकेट पर खड़े रहना और किसी समय लय बदल जाएगी। पिछले कुछ सालों से ये मेरे खेल का बड़ा हिस्सा है।

सुनील नारायण को संन्यास वापस लेने के लिए मना रहे रॉवमैन पॉवेल

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने कहा है कि फॉर्म में चल रहे सुनील नारायण को इस साल के टी20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने की कोशिशें की जा रही हैं लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के इस स्टार खिलाड़ी ने अब तक उन सभी लोगों को ब्लॉक (फोन नंबर ब्लॉक करना) कर दिया है जिन्होंने उनके बात करने की कोशिश की है। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने आखिरी बार अगस्त 2019 में वेस्टइंडीज के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। लेकिन इस आईपीएल सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से उनकी शानदार फॉर्म को देखते हुए जून में कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व

कप के लिए नारायण को अपने फैसले को बदलने के लिए मनाने की कोशिश की गई है। नाइट राइडर्स के खिलाफ 224 रन के आईपीएल के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स की दो विकेट की जीत के बाद पावेल ने कहा, पिछले 12 महीनों से मैं उसके कानों में यह बात डाल रहा हूं, उसने सभी को ब्लॉक कर दिया है। (कीरोन) पोलार्ड, (ड्वेन) ब्रावो, (निकोलस) पूरन से पूछा, उम्मीद है कि टीम का चयन करने से पहले वे उसे मना लेंगे। वर्ष 2012 से नाइट राइडर्स के अहम सदस्य नारायण ने मंगलवार को 56 गेंद में 109 रन बनाए जिससे टीम ने छह विकेट पर 223 रन का स्कोर खड़ा किया। नारायण नाइट राइडर्स के शीर्ष स्पिनर हैं और इस सत्र में उनके सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। गेंद के साथ उनके नाम सात विकेट दर्ज हैं और उन्होंने 6.87 रन प्रति ओवर की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। पावेल ने प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, यह देखने के लिए बहुत अच्छी पारी थी। सुनील ने इस सत्र में नाइट राइडर्स के लिए शीर्ष पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

क्या दिल्ली के खिलाफ गुजरात की टीम में वापसी करेंगे मिलर?

अहमदाबाद। आईपीएल 2024 के 32वें मैच में आज गुजरात टाइटंस का सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले इस मैच में दोनों ही टीमें निरंतरता हासिल करने की कोशिश करेंगी। गुजरात और दिल्ली, दोनों इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर एक दूसरे को पराजित कर अंक तालिका में अपनी स्थिति को बेहतर करने की कोशिश करेंगी। पिछले दो सीजन की तरह गुजरात टाइटंस इस सीजन अभी तक एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है। हालांकि, उनके पास अपनी कमियों को पूरा करने का अब भी काफी समय है। गुजरात की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर गुजरात टाइटंस ने तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में अंतिम गेंद पर जीत हासिल की थी और अगर उसे अपने अभियान में जान फूंकनी है तो उसे ऐसा ही प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम अपने पहले छह मैच में केवल तीन में ही जीत सकी है और छह अंक लेकर अंक तालिका में छठे स्थान पर है। उसके अभी आठ मैच बाकी हैं। ऐसे में शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम के पास चीजों का रूख बदलने के लिए काफी समय है।

हालांकि, मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए नुकसानदायक रही है, लेकिन उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगा। उमेश यादव ने अभी तक सात विकेट झटके हैं, लेकिन प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन लुटाए हैं। उनके नई गेंद के जोड़ीदार स्पेंसर जॉनसन और अनुभवी मोहित शर्मा भी अपने इकोनोमी रेट में सुधार कर सकते हैं। स्टार स्पिनर राशिद खान ने अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की है, लेकिन वह अपने खाते में और विकेट डालना चाहेंगे। पिछले मैच में उनकी बदौलत गुजरात टाइटंस रोमांचक जीत हासिल करने में सफल रही और टीम भी उनसे बल्ले से इससे अधिक रनों की उम्मीद करेगी। डेविड मिलर की हो सकती है वापसी डेविड मिलर चोट की वजह से पिछले कुछ मैचों में नहीं खेले थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह फिट

हो चुके हैं। हालांकि, उनकी वापसी को लेकर टीम मैनेजमेंट को अंतिम फैसला करना है। अगर मिलर की वापसी होती है तो प्लेइंग-11 में काफी फेरबदल करना होगा। मैथ्यू वेड और नूर अहमद में से किसी एक को बाहर बैठाना होगा। वहीं, ऋद्धिमान साहा की वापसी हो सकती है। दिल्ली की टीम अब तक परफेक्ट प्लेइंग-11 नहीं ढूंढ पाई वहीं, दिल्ली कैपिटल्स की बात की जाए तो टीम फॉर्म और फिटनेस मुद्दों के कारण अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइग-11 जुटाने में असफल रही है। पांच मुकाबलों में चार हार के बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स पर मिली जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है। अगर उन्हें प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए खुद को दौड़ में बनाए रखना है तो अपनी कमियों में सुधार करके मुकाबले जीतने होंगे। फिट होकर वापसी करने वाले कुलदीप यादव की मौजूदगी से काफी बड़ा अंतर पड़ा। इस गेंदबाज ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के तीन विकेट लेकर उनकी बल्लेबाजी पर लगाम कसी। गुजरात टाइटंस के लिए उनका सामना करना, विशेषकर उनकी गुगली को खेलना मुश्किल हो सकता है। जेक फ्रेजर मैकगर्क के रूप में दिल्ली कैपिटल्स को तीसरे नंबर पर अच्छा खिलाड़ी मिल गया है और टीम उम्मीद कर रही होगी कि यह ऑस्ट्रेलियाई अपने पहले आईपीएल मैच की सफलता के बूते आगे बढ़े। दिल्ली के गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए एनरिक नॉर्त्जे पिछले मैच में नहीं खेले थे, जिनकी गेंदों की बल्लेबाजों ने अभी तक धज्जियां उड़ाई हैं। मुकेश कुमार ने पांच मैच में 10 रन प्रति ओवर दिए हैं और वह लखनऊ के खिलाफ मैच में भी काफी खचीलें रहे। टीम के लिए सबसे सकारात्मक चीज कप्तान ऋषभ पंत की बल्लेबाजी फॉर्म रही है जो प्रत्येक मैच के साथ बेहतर से बेहतर होते जा रहे हैं। यह कहा जा सकता है कि संजू सैमसन और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों से कड़ी प्रतिद्वंद्विता के बावजूद पंत भारत की टी20 विश्व कप की टीम में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। दिल्ली कैपिटल्स के पास भारतीय बल्लेबाजी प्रतिभाओं की कमी है जिससे टीम डेविड वॉर्नर जैसे खिलाड़ियों पर निर्भर है और यह बल्लेबाज भी पिछले तीन मैच में ज्यादा योगदान नहीं करने के बाद प्रभावित करने के लिए बेकरार होगा।

रामनवमी पर मां वैष्णो धाम पर हुआ विशाल भंडारा व माता की चौकी का भव्य आयोजन

मंदिर समिति के चेयरमैन संजीव गुप्ता और रश्मि गुप्ता की वैवाहिक वर्षगांठ भी रही

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बुधवार को सपनावत के मां वैष्णो धाम मंदिर पर रामनवमी के शुभ अवसर पर विशाल भंडारे के साथ माता रानी की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। मां वैष्णो धाम मंदिर सेवा समिति की ओर से वैष्णो धाम पर प्रत्येक वर्ष चैत्र नवरात्रों में माता रानी की चौकी का आयोजन किया जाता है। पूरे नवरात्रों मंदिर पर मेले के आयोजन में भक्तों का तांता लगा रहता है। इस अवसर पर पूरे मंदिर को फूलों के साथ रंग-बिरंगी चुनरी आदि से भव्य रूप से सजाया गया। माता की चौकी के आयोजन में बुलंदशहर की सुप्रसिद्ध विनीत एण्ड लोकेश पार्टी के द्वारा सुनाए भजनों पर श्रद्धालु गण जमकर झूमे तथा पूरा मंदिर प्रांगण माता रानी के जयकारों से गुंजायमान रहा। मां वैष्णो धाम के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता व रश्मि गुप्ता के विवाह की वर्षगांठ भी रही। जिसके फलस्वरूप सैकड़ो लोगों ने गुप्ता दंपति को शुभकामनाएं भी भेंट कीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजीव कुमार गुप्ता, राजीव गुप्ता, रश्मि गुप्ता, सीमा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, सुरभि गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, तुषार गुप्ता, तास्विक गुप्ता, टियारा गुप्ता, रेनू गोयल, राकेश गोयल, प्रदीप गुप्ता, रोहित गोयल, उमेश गर्ग, अंजलि गर्ग, निशा गोयल, धीरज गोयल, नीरज गोयल, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

कुछ नही होना वो तो एक लाख प्लस से जीते थे आफ्टर कोरोना

फूल वाले दावा कर रहे हैं कि सबसे बड़ी जीत यहीं से होनी हैं और अपोजीशन वाले सवाल उठा रहे हैं कि आप कोरोना में कहां थे। आप ने तो ये नही किया और आप ने तो वो नही किया। क्या किया और क्या नही किया की चर्चा के बीच फूल वालों के सपोर्टर ने कहा कि भाईसाहब हम भी यहीं हैं और वो भी यहीं हैं। वोट तो जनता को देनी हैं और बात थोड़ी हार्ड लगेगी लेकिन ये हैं एकदम ऑन रिकार्ड। वो बार बार कोरोना काल की बात कर रहे हैं तो वो इस बात को समझ ले कि कुछ नही होना हैं। जब नोटबंदी हुई थी उसके बाद वो 70 हजार वोटों से जीते थे। लेकिन कोरोना काल के बाद हाल ये रहा था कि वो और ज्यादा वोटों से यानि एक लाख प्लस वोटो से जीते थे। जनता को पता हैं कि वोट कहां देना हैं और किस मुददे पर देना हैं और कौन से उम्मीदवार को देना है।

दिखायें कौन से कानून में लिखा है हमें देनी होगी चुनाव में अपनी कार

अभी तक तो ये ही होता था कि अनाज मंडी वालों से लेकर सब्जी मंडी वाले हर चुनाव में नई सरकार से पहले कुछ दिन को बेरोजगार कर दिये जाते रहे हैं। उनकी दुकानों पर प्रशासन का ताला और उन्ही के दरवाजे पर पुलिस का पहरा लग जाता था। वो हर बार ज्ञापन देते ही रह जाते थे। सड़क पर दौड़ रहे कार्मिशियल वाहनों को आरटीओ वाले जब्त कर लेते थे और पुलिस लाईन में मेला लग जाता था। इस बार तो कमाल ही हो गया है क्योंकि अब चुनाव में निजी वाहनो को भी लेने के लिये नोटिस भेजे जा रहे हैं जब लोग परेशान हो लिये और बात जब ये आई कि दिखाओ जरा कौन से कानून में लिखा है कि पर्सनल वाहन को अफसर अपने कब्जे में लेकर चुनाव में यूज करेगें। तब अफसरों ने यू टर्न लिया और मोटर महकमें के अफसर नें आदेश की गाड़ी को मोड़ लिया। कह दिया कि भ्रम की स्थिति पैदा हो गई हमने तो कोई पर्सनल गाड़ी मांगी ही नही। अब सुना तो ये है कि मांगा तो सब गया था लेकिन जब ऊपर से फोन आ गया तो मामला भ्रम शब्द पर सिमट गया। चुनाव हो रहे हैं कोई युद्व नही हो रहा है कोई आपात काल नही लग गया है जो एस्मा और मीसा लागू करके जबरन कुछ कराया जायेगा।

जब फूल वाले ने पैसे लेकर करा दिया फूल वाले का ही काम

फूल वाले अब दूसरी सरकार में समझ गये हैं कि अफसरों से तकरार में कोई लाभ नही और बड़े नेताओं की जय जयकार से भी कुछ नही होना। सरकार के करंट से अफसर की ही पॉवर बढ़ती हैं बाकि देवतुल्य के ब्लब के वाट तो उतने ही रहते हैं। ज्यादा तार छेड़ेगा तो उल्टे उसी की वाट लग जायेगी। सरकार की हूल देने वाले एक फूल देवतुल्य का काम एक सरकारी महकमें में पड़ा तो फाईल अटक गई। अब सारे स्टाईल फेल,बड़े नेता का फोन फेल । बताते हैं कि तब हुया फूल वाले का ही फूल वाले से मेल उसने सिस्टम समझाया। फूल वाले ने फूल वाले का काम पैसे लेकर कराया।

अवंतिका कॉलोनी के शिव शक्ति काली मंदिर में महिलाओं ने किया संकीर्तन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रामनवमी के दिन बुधवार को अवंतिका कॉलोनी के शिव शक्ति काली मंदिर में महिला मंडल ने संकीर्तन किया।

मंदिर में नवरात्रि के दिनों में रोज 3 से 5 बजे तक कीर्तन होता है। रोज मैया का शृंगार किया जाता है। सभी भक्तों ने मिलकर माता के भजन गाये। 'आ मां आ, तुझे दिल ने पुकारा', 'जो बिगड़ी ना बनाओगी तो कैसे मां कहलाओगी' आदि भजन गाये। माता के भजनों पर भक्त झूम उठे। इस अवसर पर बीनू शर्मा, रजनी चौहान, राधा, रंजू, कविता, डॉ. नीलम शर्मा, मीनू, बालेश, अर्चना, सविता और अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

फिर निभाया स्पेशल ड्यूटी वालों ने रोल फाइन

पुलिस कमिश्रेट गाजियाबाद में अब तक जिले और कई अन्य जनपदों में वीवीआईपी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करवाने वाले स्पेशल ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों के नाम एक और उपलब्धि हो गई है। बुधवार को नदियापार के दिल्ली बॉर्डर से सेट वाले थानाक्षेत्र में कांग्रेस के राजकुमार और समाजवाद के युवा चेहरे का प्रोग्राम था। इस कार्यक्रम को हाई सिक्योरिटी से लैस रखा गया। दोनों प्रमुख नेताओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की वह टीम संभाल रही थी, जो अलग अंदाज और अंजाम के लिए जानी जाती है। उनके सफारी सूट, काले चश्मे और गले के ऊपर जेब पर लगा स्पेशल आई कार्ड बता रहा था कि वाकई यह स्पेशल वाले टू-स्टार हैं। कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाओं को संभालने के लिए कमिश्नरेट के फिट और हिट कहे जाने वाले दूसरे नंबर के बड़े अधिकारी कमान संभाल रहे थे। तो इलाके वाले पूर्व और वर्तमान वाले आईपीएस भी फुल एक्शन मोड में थे। वहीं कई एसीपी भी फूलप्रूफ सुरक्षा मुहैया कराने में जुटे हुए थे। इलाके वाले सिंह इस किंग की स्पेशल ड्यूटी थी। तो क्राइम पर पकड़ रखने वाले साहब और खुफिया तंत्र वाले साहब भी सिविल में अपनी ड्यूटी को अंजाम दे रहे थे। हालांकि सूत्र बता रहे हैं कि दोनों ही युवा नेताओं की टीआरपी इन स्पेशल ड्यूटी वाले पुलिसकर्मियों के बीच भी हिट रही है। कई ने तो प्राइवेट लोगों से रील और फोटो भी क्लिक करवाई है। तो कुछ अपने रोल को बखूबी अंजाम देने में जुटे रहे देखा गया कि जिस सुरक्षा वाले घेरे के अंदर की कमान इलाके से सटे वाले थाने के टू-स्टार पर थी, वह पूरी मुस्तैदी के साथ लगे हुए थे। वहीं गेट से लेकर अंदर तक खुफिया वाले और लोकल साहब के खास पुलिसकर्मियों को तैनाती दी गई थी। अब तक प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित कई प्रमुख चेहरों का कार्यक्रम सफल करने वाले स्पेशल ड्यूटी स्टाफ ने फिर एक बार अपना वही रोल निभाया है। सूत्र बता रहे हैं कि भले कार्यक्रम में कई आईपीएस अधिकारी लीड कर रहे हों पर रोल एक पीपीएस का ही सुपरहिट रहा। इसी के साथ सन वाले नाके के प्रभारी भी सुरक्षा को लेकर बेहद अलर्ट नजर आ रहे थे। वहीं एंट्री गेट पर कुछ अधिकारियों की ड्यूटी बता रही थी कि सब कुछ दूसरे नंबर वाले साहब ने प्लान और सुरक्षा के लिहाज से सीन बनाया था ताकि कार्यक्रम बिना किसी रूकावट के हो सके। हालांकि कार्यक्रम स्थल पर खाकी वालों की संख्या कम और स्पेशल ड्यूटी स्टाफ की ड्रेस अधिक नजर आई।

सीजी म्यूजिकल ग्रुप ने किया बैठक का आयोजन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बुधवार को सीजी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। लोहिया नगर गाजियाबाद में ग्रुप की अध्यक्ष संध्या गुप्ता द्वारा बैठक को संचालित किया गया। सभी संगीत प्रेमियों ने अपनी-अपनी पसंद के पुराने फिल्मी गानों पर बने भजन और माता रानी के पुराने भजन गाए। ममता गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस आयोजन में अवधेश शर्मा, पंकज शर्मा, राकेश वेद, दीपक गोयल, विक्टर, भाटिया, सिमरत, गुरमीत, लविष्का, नरेंद्र, दिनेश, नीर यू अनिल गोयल आदि बहुत से लोगों ने भाग लिया।

केमिकल से पकाया आम पकड़ा, ट्रक लेकर भागा सप्लायर

मोदीनगर (करंट क्राइम)। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दिल्ली-मेरठ मार्ग पर रुकमणी मार्केट स्थित फलों की दुकानों पर मंगलवार को निरीक्षण किया। यहां खतरनाक केमिकल से पकाए जा रहे आम की सप्लाई की जा रही थी। एफएसओ ने सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मीरा सिंह ने बताया कि मंगलवार दोपहर रुकमणी मार्केट के बाहर फल बाजार के निरीक्षण के दौरान भाटिया फ्रूट कॉर्नर पर आम की खेप उतारी जा रही थी। उन्होंने आम पेटियां खोलकर देखा तो उसमें केमिकल की पुड़िया रखी थी। यह देख आरोपी सप्लायर आम सहित ट्रक लेकर फरार हो गया। मीरा सिंह ने बताया कि आम को पकाने के लिए पेटी में प्रतिबंधित केमिकल की पुड़ियां पाई गई। जिसे कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा जा रहा है। इसके अलावा राजकुमार और फरार सप्लायर के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

प्रभारी खेल अधिकारी पूनम विश्नोई ने खिलाड़ियों को मतदान हेतु दिलाई शपथ

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम गाजियाबाद में प्रभारी खेलअधिकारी गाजियाबाद पूनम बिश्नोई ने खिलाड़ियों को 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए आस-पास की हाईराइज सोसाइटी में जाकर सभी खिलाड़ियों से अपील की जाए की मतदान जरूर करें। मतदान के लिए प्रोत्साहित करें तथा 'पहले मतदान, फिर जलपान' इसका संकल्प दिलाया। गाजियाबाद वोटिंग के लिए दौड़ 20 अप्रैल 2024 को साहिबाबाद में डॉक्टर राम मनोहर लोहिया पार्क से प्रारंभ होकर मंगल पांडे चौक होते हुए शिव चौक गुरुद्वारा रोड से डीएलएफ डीएवी को पार करते हुए वापस समापन बिंदु राम मनोहर लोहिया तथा 21 अप्रैल को स्वर्ण जयंती पार्क इंदिरापुरम में आयोजित होगी। जिसके लिए सभी खिलाड़ियों एवं नागरिकों से वॉकथॉन में भाग लेने के लिए अपील की गई। इस अवसर पर जिला गाजियाबाद एथलेटिक संघ के सचिव लिखी रामजी, वरिष्ठ खिलाड़ी कृष्ण वीर एवं बॉक्सिंग कोच राजन आदि मौजूद रहे।

आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस ने किया बेंगलुरु में 'कार्पोरेट अलुमनाई मीट' का आयोजन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के एलुमनाई रिलेशन सेल कुलम द्वारा 'कार्पोरेट अलुमनाई मीट' का आयोजन बेंगलुरु के चांसरी पैविलियन में किया गया। इस मीट का उद्देश्य संस्थान और पूर्व छात्रों के संबंधों को मजबूत करना एवं सभी पूर्व छात्रों को आपस में जोड़ना रहा। ज्ञात हो कि आईएमएस गाजियाबाद में 1994 में बीबीए की शुरुआत हुई, जिसके बाद अन्य कार्यक्रमों, बीसीए, एमआईवी, बीएजेएएमसी, बीएससी और एमएससी को प्रारम्भ किया गया। एलुमनाई मीट में कई पूर्व छात्रों एवं कार्पोरेट अतिथियों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रतनीश मेहरा (निदेशक, स्ट्रेटजी एंड ट्रांसफोर्मेशन, ओरेकल) रहे। रतनीश मेहरा ने सस्टेनेबिलिटी के महत्व के बारे में बताया, साथ ही आज के युवा प्रबंधकों को सस्टेनेबिलिटी की जरूरत एवं व्यापार में उसको शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रबंधकों को स्थायी व्यावसायिक प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पैनल डिस्कशन रखा गया जिसका विषय 'आविष्कार और स्थायी विकास' रहा। जिस पर उपस्थित पैनल के सदस्यों द्वारा चर्चा की गई। पैनल में डॉ. गोपाल चंद्र मोडल (सीएफओ और कंपनी सचिव, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड), अरुण नाथन (पार्टनर सत्त्वा कंसल्टिंग), नीरज सिंह (प्रिंसिपल, क्वालिटी प्रोग्राम इंफोसिस), नवीन लक्कुर (इनोवेशन कोच, इंस्टीट्यूट ऑफ इन्स्पायरिंग इनोवेशन्स) मौजूद रहे। पैनल में व्यवसाय की कुशलता, अवसरों का विस्तार, समस्याओं का समाधान और सबसे महत्वपूर्ण रूप - स्थायित्व और नवाचार कैसे दुनिया भर में व्यवसाय को क्रांतिकारी बना रहे हैं - पर विशेष चर्चा हुई। अलुमनाई मीट में बीबीए 1995-1998 बैच के सबसे पुराने पूर्व छात्र रजत अग्रवाल (उप प्रबंधक, इंडसिंड बैंक, बेंगलुरु) ने वर्तमान छात्रों को सेंटर बनाने और कौशल से परिपूर्ण भारतीय को अवसर देने की इच्छा व्यक्त की। 'कॉर्पोरेट-अलुमनाई मीट' द्वारा व्यापक नेटवर्किंग के अवसर प्रदान किए गए। साथ ही अलुमनाई और उद्योग के बीच संबंधों को और मजबूत किया गया। इसके द्वारा न केवल व्यावसायिक संबंधों को मजबूत किया गया बल्कि ज्ञान विनिमय और सहयोग के लिए एक मंच भी प्रदान करने की कोशिश की। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह ने सभी उपस्थित पूर्व छात्रों एवं अतिथियों का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पूजा रस्तोगी (विभागाध्यक्ष, मैनेजमेंट विभाग), डॉ. गगन वार्ष्णेय (विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर साइंस विभाग) एवं अर्णव घोष (हेड सीआरसी) मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथिगणों का धन्यवाद कर किया गया।

तीनों प्राधिकरण के नियम होंगे 1

शासन ने भेजी 100 पन्नों की पॉलिसी

गौतमबुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर के तीनों प्राधिकरण की एक जैसी नीतियां बनेंगी। तीनों प्राधिकरण के एक जैसे नियम होंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश शासन की तरफ से पॉलिसी का ड्रॉफ्ट तैयार किया गया है। शासन ने पॉलिसी का ड्रॉफ्ट तैयार करके नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण को भेजा है। अब तीनों प्राधिकरण इस पर विचार-विमर्श करके वापस अपना जवाब शासन को भेजेंगे।

100 पन्ने का हैं पॉलिसी ड्रॉफ्ट

तीनों प्राधिकरण के नियम एक होने के बाद आवंटियों को फायदा होगा। इस पॉलिसी ड्रॉफ्ट में करीब 100 पन्ने हैं। जिसमें सभी मुद्दों का जिक्र किया गया है। नियम एक बनने के साथ आवेदन पर समय सीमा भी तय की जाएगी। अभी ड्रॉफ्ट रिपोर्ट पढ़ी जा रही है। जल्द उत्तर प्रदेश शासन को जवाब भेजा जाएगा।

अब तीनों प्राधिकरण इस पर विचार-विमर्श करके शासन को भेजेंगे अपना जवाब

सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा

अभी तीनों प्राधिकरण में अलग-अलग नियम है। सभी का काम करने का तरीका भी अलग-अलग है। ऐसे में लोग प्राधिकरण के अधिकारियों पर आरोप लगाते हैं। वह कहते हैं कि दूसरी अथॉरिटी में ऐसा नहीं होता है। जबकि नियमों की वजह से काम करने का तरीका अलग है, लेकिन एक नियम बनने के बाद सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

आवंटन देने में भी नियम अलग-अलग

अभी यमुना विकास प्राधिकरण में आवंटन ड्रॉ के माध्यम से होता है, लेकिन नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में आवंटन ई-नीलामी के जरिए होता है। इसी तरीके से भूखंड आवंटन के बाद अलग-अलग नियम है। इसके अलावा निर्माण कार्य और शर्तें भी अलग-अलग है।

एल्विश यादव की बढ़ती मुसीबतें: मोबाइल डाटा से खुलेगा राज!

नोएडा रेव पार्टी में सांपों के जहर की सप्लाई मामले में प्रसिद्ध यूट्यूबर एल्विश यादव और उनके साथियों के खिलाफ नए सबूत सामने आने की उम्मीद है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के मोबाइल फोन को फोरेंसिक लैब भेजा है और डाटा रिकवरी रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। नोएडा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के मोबाइल फोन में सांपों की तस्करी और रेव पार्टी से जुड़े कई फोटो, वीडियो और चैट संदेश मौजूद हो सकते हैं। इस रिपोर्ट से इस मामले में कई नए खुलासे हो सकते हैं और आरोपियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

वर्चुअल नंबर का इस्तेमाल कर रहा था एल्विश यादव

आपको बता दें कि इस मामले में नवंबर में पीपुल्स फॉर एनीमल संस्था की शिकायत पर एल्विश यादव समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने बाद में पांच सपेरों को गिरफ्तार किया था और एल्विश को 135 दिन बाद हिरासत में लिया गया था। दो अन्य आरोपी भी गिरफ्तार किए गए थे। पुलिस की जांच में पता चला है कि एल्विश सांपों के जहर की पार्टी के लिए चीन स्थित एक वर्चुअल नंबर का इस्तेमाल करता था। पुलिस इस नंबर की जांच भी कर रही है।

1200 पन्नों की चार्जशीट दायर

हालांकि, एल्विश को अभी जमानत मिल गई है। लेकिन पुलिस ने उनके और अन्य आरोपियों के खिलाफ 1200 पन्नों की चार्जशीट दायर की है। मोबाइल डाटा रिकवरी रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में और कार्रवाई की उम्मीद है।

अगर किराएदार का नहीं कराया सत्यापन तो जाना पड़ेगा जेल

नोएडा। अपराध पर अंकुश लगाने व अपराध में लिप्त अपराधियों की पहचान करने के लिए पुलिस ने मकान मालिकों की भूमिका तय कर दी है। मकान मालिकों को ईकोटेक तीन कोतवाली पुलिस की तरफ से एक पत्र भेजा गया है, जिसमें कहा गया है कि यदि पांच दिन के अंदर मकान मालिकों ने किराएदारों का सत्यापन नहीं कराया तो जेल की हवा खानी होगी।

पुलिस मकान मालिकों के खिलाफ शांति भंग करने की कार्रवाई करेगी। यह पहल इसलिए की गई है, जिससे कि किराए के मकान में होने वाले अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

क्षेत्र में रहते हैं डेढ़ लाख किराएदार

कोतवाली क्षेत्र के गांव कुलेसरा, हबीबपुर, खेड़ा चौगानपुर, तुस्याना, सुत्याना में करीब डेढ़ लाख किराएदार रहते है। इसमें हबीबपुर व कुलेसरा गांव में रहने वाले किराएदारों की संख्या सबसे अधिक है।

पुलिस ने लिखा पत्र

पुलिस ने पत्र में यह भी लिखा है कि मकान मालिक अपने किराए के मकान के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाएं और निजी सुरक्षागार्ड की तैनाती भी सुनिश्चित करें। यदि मकान मालिक नियमों का पालन नहीं करेंगे और उनके किराए के भवन में कोई आपराधिक घटना होती है जिम्मेदारी मकान मालिक की तय की जाएगी। ईकोटेक तीन कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि पिछले एक महीने में तीन ऐसे मामले सामने आए जिसमें लड़कियां गायब हुई। स्वजन ने जिस पर आरोप लगाया वह दोषी नहीं निकला। जांच में पता चला कि लड़की अपनी मर्जी से प्रेमी के साथ गई।

यदि उक्त किराए के भवन में सीसीटीवी कैमरा लगा होता तो तुरंत ही यह बात पता चल जाती कि लड़की किस व्यक्ति के साथ गई है। स्वजन के आरोप से निर्दोष व्यक्ति पुलिस के रडार पर आ जाता है। ऐसे में मकान मालिकों की जिम्मेदारी है कि वह किराया तो वसूल रहे है, लेकिन सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए है। उनकी भी इसमें जिम्मेदारी है कि वह क्षेत्र को सुरक्षित बनाने में अपनी हिस्सेदारी तय करें।

किराए के कमरों में हुईं घटनाएं

17 जनवरी को तुगलपुर में किराए पर रहने वाली महिला रचना कुमारी की हत्या।

28 दिसंबर 2022 को नोएडा के फेज दो में किराए के कमरे में रहने वाली युवती से दुष्कर्म।

सुगम परिवहन सुविधा: नोएडा में 130 मीटर एक्सप्रेसवे पर बनेंगे बस-वे

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। यहां के 28 किलोमीटर लंबे और 130 मीटर चौड़े एक्सप्रेसवे पर जगह-जगह बस-बे बनाए जाएंगे। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने पहले ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। जानकारी के अनुसार, जहां-जहां 130 मीटर एक्सप्रेसवे पर अधिक आबादी है, वहां बस-बे बनाने की जगह चिह्नित की जा रही है। जेवर एयरपोर्ट बनने के बाद 130 मीटर एक्सप्रेसवे पर बसें चलाई जाएंगी। ये बसें जेवर एयरपोर्ट से लेकर ग्रेटर नोएडा वेस्ट तक चलेंगी। लोगों को सुविधा देने के लिए 130 मीटर एक्सप्रेसवे पर बस-बे बनाए जाएंगे, जहां बसें खड़ी होकर यात्रियों को बैठा सकेंगी। ये बस-बे दिल्ली और मुंबई की तरह बनाए जाएंगे, ताकि सड़क पर चलने वाले अन्य वाहनों को कोई परेशानी न हो। बस-बे पर बस के समय-सारणी, आने-जाने का समय आदि सब कुछ अंकित होगा।

यात्रियों की सुविधा के लिए बस-बे पर धूप, छाव और सर्दी से बचने की व्यवस्था भी होगी। साथ ही बस में चढ़ने और उतरने के लिए अलग-अलग एंट्री और एग्जिट पॉइंट होंगे। विकलांग और बुजुर्ग लोगों के लिए भी विशेष इंतजाम किए जाएंगे। उन्हें बस में चढ़ने-उतरने के लिए अलग सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। दरअसल, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों की लंबे समय से मांग थी कि उन्हें परिवहन सुविधा मिले। मेट्रो और बस चलाने की मांग वहां के लोग लंबे समय से कर रहे थे। यही वजह है कि ग्रेटर नोएडा विकास समिति की मांग पर प्राधिकरण ने 130 मीटर एक्सप्रेसवे पर बस-बे बनाने का फैसला किया है और इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस कदम से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लोगों को काफी राहत मिलेगी और उन्हें परिवहन की सुविधा मिल सकेगी। साथ ही 130 मीटर चौड़े एक्सप्रेसवे के किनारे बनने वाले बस-बे ट्रैफिक को भी सुगम बनाने में मदद करेंगे।

शेयर निवेश के नाम पर 43.50 लाख रुपये ठगे, कई बैंक खातों में ट्रांसफर कराई धनराशि

नोएडा। साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश करके बेहतर रिटर्न दिलाने का झांसा देकर सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी से 43.50 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित को जब ठगी का अहसास हुआ तो साइबर अपराध थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

बेहतर रिटर्न का दिया था झांसा

सेक्टर-50 के अजय कुमार श्रीवास्तव ने दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि पिछले दिनों उनके पास वाट्सएप पर एक मैसेज आया। मैसेज में बताया गया कि वह शेयर बाजार में निवेश कराते हैं और बेहतर रिटर्न दिलाते हैं। पीड़ित ने विश्वास करके निवेश करने के लिए हां कर दिया।

एप पर लाभ दिखाकर फंसाया

जालसाजों ने पीड़ित के मोबाइल में एक एप डाउनलोड कराया और विभिन्न बैंक खातों में धीरे-धीरे निवेश कराने के नाम पर धनराशि ट्रांसफर कराते रहे। धनराशि भेजने के बाद वह एप पर दिखाई देने लगती थी। एप पर लाभ दिखाई देने पर धीरे-धीरे करके शिकायतकर्ता ने 43.50 लाख रुपये निवेश कर दिए।

पीड़ित के खाते में जब 3.20 लाख रुपये शेष रह गए तो उन्होंने निवेश किए रुपये निकालने के लिए कहा। इस पर साइबर ठगों ने रुपये देने से इन्कार कर दिया। तब जाकर उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित के मुताबिक यह ठगी मार्च 2024 में हुई है। साइबर अपराध थाना प्रभारी उमेश कुमार नैथानी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

नोएडा हवाई अड्डे के लिए तेल आपूर्ति करेगा बीपीसीएल

एयरपोर्ट तक बिछाई जाएगी पाइपलाइन

अत्याधुनिक तकनीक का होगा इस्तेमाल

ग्रेटर नोएडा। राज्य संचालित भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (बीपीसीएल) ने नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। इस समझौते के तहत, बीपीसीएल हवाई अड्डे तक एक समर्पित पाइपलाइन बिछाकर जेट ईंधन की आपूर्ति करेगी। समझौते के अनुसार, यह 34 किलोमीटर से अधिक लंबी पाइपलाइन, हवाई अड्डे परिसर के भीतर 1.2 किलोमीटर तक फैली हुई है। इससे हवाई अड्डे तक ईंधन परिवहन सुनिश्चित होगा और टैंकर लॉरी की आवाजाही की जरूरत समाप्त हो जाएगी। बीपीसीएल के निदेशक सुखमल जैन ने कहा कि देश में विमानन उद्योग के शुरू होने से ही बीपीसीएल हवाई अड्डों पर एटीएफ (विमानन टरबाइन ईंधन) सुविधाएं स्थापित करने में अग्रणी रहा है। नोएडा हवाई अड्डे के मुख्य परिचालन अधिकारी किरण जैन ने कहा कि यह पाइपलाइन लागत-कुशल और टिकाऊ समाधान प्रदान करेगी, जो सड़क परिवहन की तुलना में अधिक किफायती है। इस समझौते से नोएडा हवाई अड्डे को तेल आपूर्ति में सुचारु व्यवस्था होगी और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी, क्योंकि टैंकर लॉरी आवाजाही की जरूरत समाप्त हो जाएगी।

इस दौर में सड़क से ईंधन लाना ठीक नहीं : किरण जैन

नोएडा हवाई अड्डे के मुख्य परिचालन अधिकारी किरण जैन ने कहा कि यह सहयोग लागत-कुशल और टिकाऊ समाधान प्रदान करेगा, जो सड़क परिवहन की तुलना में अधिक किफायती है। इस बीच, 16 अप्रैल को बीएसई पर बीपीसीएल के शेयर 0.5 प्रतिशत बढ़कर 592.65 रुपये पर बंद हुए।

ग्रेटर नोएडा में कमिश्नर को धमकाया

राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर आरोप

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में एक राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष पर स्टेट टैक्स के असिस्टेंट कमिश्नर को धमकाने का आरोप लगा है। इस संबंध में कमिश्नर की तरफ से थाना नॉलेज पार्क में पार्टी अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यह है पूरा मामला

नॉलेज पार्क के प्रभारी निरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि सहायक आयुत राज्य कर अनुज कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका ऑफिस सेक्टर -148 में है। उन्होंने शिकायत में बताया कि वह अपने कार्यालय में उपस्थित थे। इसी बीच अजय टंडन नामक अधिवक्ता वहां पर आया। उसने खुद को राष्ट्रीय ईमानदार पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बताया। इस दौरान



धारा-32 के तहत सुनवाई होनी थी, जिसमें अजय टंडन उपस्थित थे। इस बीच उन्हें बैठने को कहा गया, लेकिन वह खड़े रहे और उन्हें अपशब्द बोलना शुरू कर दिया।

बोला- तुम सब चोर हो और बेईमान हो

पीड़ित के मुताबिक उन्होंने कहा कि तुम सब चोर और बेईमान अधिकारी हो।मैं तुम सबको जेल भिजवा दूंगा, नहीं तो मैं जैसे कहता हूं वैसा ही करो। पीड़ित से आरोपी ने कहा कि मेरा काम कर दो अन्यथा मैं इतनी शिकायत करूंगा कि तुम नौकरी कम करोगे, मेरी शिकायतों का जवाब ज्यादा दोगे, और नौकरी करना भूल जाओगे।

शिकायत करने की दी थी धमकी

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित का कहना है कि अजय ने उन्हें धमकी देते हुए कहा कि उसने पूरे भारत में काफी लोगों की शिकायत की है। जो लोग उसका काम नहीं करते वो उनकी शिकायत कर देता है। इसके बाद अजय उन्हें और उनके कार्यालय में नौकरी करने वाले अन्य कर्मचारियों को धमकी देते हुए वहां से चला गया। वहीं जब इस मामले में अजय टंडन का पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उनसे सम्पर्क नहीं हो पाया।

पुलिस का बयान

थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन कुमार ने बताया कि यह घटना 20 दिसंबर वर्ष 2023 की है। घटना की शिकायत मंगलवार को की गई थी। इस मामले में अजय टंडन नामक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नोएडा के 49 वर्षों का आखिर क्या है इतिहास, कैसे बसा यह शहर

नोएडा। यह बात वर्ष-1976 की है। जब 17 अप्रैल 1976 को नोएडा शहर की स्थापना की गयी थी। अब उत्तर प्रदेश का प्रसिद्ध शहर नोएडा पूरे 48 साल का हो गया है। आज नोएडा शहर का 49वां बर्थडे है। ऐसे में आप नोएडा शहर को जरूर जानना चाहते होंगे। तो हम आपका पूरा परिचय करा देते हैं। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक राजधानी नोएडा से।

आपको बता देते हैं कि राजधानी दिल्ली में यमुना नदी के किनारे औखला औद्योगिक क्षेत्र बसा हुआ है। वर्ष-1976 में औखला को आगे बढ़ाते हुए यमुना नदी के उत्तर प्रदेश की तरफ पड ` वाले क्षेत्र में न्यू औखला

औद्योगिक विकास प्राधिकरण की स्थापना की गई। न्यू औखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण को ही संक्षिप्त में (नोएडा) के नाम से जाना जाता है। आज यह शहर किसी परिचय का मोहताज नहीं है। भारत देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटा हुआ नोएडा भारत के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश का प्रवेश द्वार भी है। नोएडा शहर को उप्र की औद्योगिक राजधानी भी कहा जाता है। कुल 168 सेक्टर हैं नोएडा में उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास अधिनियम-1976 के तहत 17 अप्रैल 1976 को की स्थापना हुई थी। नोएडा के मास्टर प्लान के मुताबिक नोएडा शहर में कुल 168 अलग-अलग सेक्टर हैं। नोएडा के सेक्टरों को अलग से कोई नाम नहीं दिया गया है। यहां के सभी सेक्टरों को गणित के अंकों (यानि सेक्टर 1, 2, 3) के नाम से जाना जाता है। नोएडा शहर में सबसे पहले सेक्टर-1 से लेकर सेक्टर-10 तक बसाए गए थे। इसके बाद बसाए गए सेक्टर-11 का आधा भाग आवासीय सेक्टर है तो आधा भाग औद्योगिक सेक्टर है। सेक्टर-11 के आगे सेक्टर-12 व सेक्टर-22 नोएडा के सबसे बड़े व सबसे पुराने आवासीय सेक्टर हैं। आपकी सुविधा के लिए हम नीचे नोएडा के आवासीय सेक्टरों व औद्योगिक सेक्टरों की पूरी सूची प्रकाशित कर रहे हैं।

तीन फेज में फैला है नोएडा शहर

नोएडा को तीन प्रमुख हिस्सों (फेज) में बांटा गया है। इन हिस्सों का नाम नोएडा फेज-1, नोएडा फेज-2, तथा नोएडा फेज-3 रखा गया है। नोएडा शहर में आपको वह सब कुछ मिल जाएगा जो किसी भी आधुनिक शहर में जरूरी साधन व सुविधा मानी जाती हैं। नोएडा शहर में दुनिया भर के प्रसिद्ध स्कूलों की शाखाएं हैं। इनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल विश्व भारतीय पब्लिक स्कूल आर्मी पब्लिक स्कूल जैसे नाम भी शामिल हैं।

नोएडा की लाइफ लाइन है मेट्रो रेल

नोएडा शहर के यातायात को सुगम बनाने के लिए इस शहर की लाइफ लाइन मेट्रो रेल है। यहां पर यह बताना जरूरी है कि नोएडा में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की ब्लू लाइन व मजेंटा लाइन तथा नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (ठटफ्ठ) की एक्वा रेल लाइन बनाई गई है। ऊटफ्ठ की ब्लू मेट्रो ट्रेन नोएडा के सेक्टर-15 से लेकर सेक्टर-62 इलेक्ट्रोनिक सिटी तक जाती है। वहीं मजेंटा लाइन बॉटेनिकल गार्डन से जनकपुरी वेस्ट तक जाती है। जबकि की एक्वा मेट्रो ट्रेन सेक्टर-51 से लेकर ग्रेटर नोएडा के डिपो मेट्रो स्टेशन तक चलाई गई है। दोनों ही मेट्रो ट्रेन लाइनों को नोएडा शहर की लाइफ लाइन माना जाता है। नोएडा शहर को बसाने में इस क्षेत्र के गांवों में रहने वाले किसानों का सबसे बड़ा योगदान है। उत्तर प्रदेश के 86 गांवों के किसानों की जमीन अधिग्रहण करके नोएडा शहर को बसाया गया है। नोएडा के अधिकतर गांव नोएडा के सेक्टरों की अगल-बगल में बसे हुए हैं। यहां के सभी किसानों को इस बात पर गर्व है कि नोएडा जैसा शानदार शहर उनकी जमीन पर बसा हुआ है। यह बात अलग है कि यहां के किसानों को नोएडा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश सरकार से यह शिकायत है कि उनकी जमीन पर बसे हुए शहर में तो सारी सुविधाएं मौजूद हैं किन्तु गांवों में सुविधाओं की कमी है।

बालकिशन बालू ने किया राम नवमी पर भंडारे का आयोजन

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मां दुर्गा नवरात्रि पर्व पर राम नवमी के अवसर पर रेलवे बोर्ड सदस्य बाल किशन बालू ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। कवि नगर जिला पंचायत ऑफिस के सामने केजी 35 पर आयोजित भंडारे में समाज के गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया। भंडारे में हजारों लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** गर्ग साहब के चुनाव में एक विधानसभा के संयोजक बनाये गये चेहरे लड़ रहे हैं उनकी लड़ाई के साथ साथ अपनी भी लड़ाई? सुना है संयोजक जी की इस अदा की चर्चाए दे रहीं है हर जगह सुनाई? कहने वाले ने कहा हमें नहीं पता कि संयोजक के यहां पर कौन सी लड़ाई वाली हो रही है बात? लगता है बात कुछ ज्यादा ही बड़ी है? इसलिए मिस्टर संयोजक इस बारे में अपने सबसे प्यारे प्रिय साथी से कर सकते है बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ की टीम ने एक ओबीसी चेहरे को दे दिया है बटरिंग का बादशाह वाला नाम? कहने वाले ने कहा इस चेहरे का तोड़ नहीं है बिल्कुल भी श्रीमान? खोल देते हैं ये सामने वाले की तारीफों का ढक्कन? जमकर लगाते हैं ये सामने वाले को मक्खन? कहने वाले ने कहा इनसे ज्यादा मक्खन नहीं मिलेगा किसी के पास? ये अपनी मक्खन लगाने वाली प्रवृत्ति से किसी को भी बना लेते है अपना खास?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपके माध्यम से एक बात पहुंचाना चाहता हूं गर्ग साहब के पास? रोड़ा वाले एरिया में अभी मुझे दिखाई नहीं दे रहा है बिल्कुल भी चुनाव? तमाम क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है गर्ग साहब का शोर? मगर रोड़ा वाला एरिया हमें फील करा रहा है इग्नोर? कहने वाले ने कहा आप देखोगे इस एरिया से अभी तक नहीं हो रही है प्रचार की तस्वीरें जारी? क्यों नहीं दिखाई दे रही है यहां पर भगवा वालों की अदाकारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बागपत से गाजियाबाद एयरलिफ्ट होकर आये चौधरी साहब को लेकर है इस वक्त चचाओं का बाजार गर्म? कहने वाले ने कहा वो एक टिकट अपनी जेब में लेकर आयें हैं? जिसकी वजह से करना पड़ रहा है उन्हें बहुत ज्यादा कर्म? कहने वाले ने कहा उनकी आमद से एक जाट, एक गुर्जर और एक यादव चेहरे हो गये है एलर्ट? ये दावेदारी बहुत ही मजबूत मानी जा रही है क्योंकि चौधरी साहब को बताया जाता है राजनीति का बहुत बड़ा एक्सपर्ट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा संजीवनी वाले चौधरी, लीलू सी लीला दिखाने वाले चौधरी, माथे पर तिकल पालने वाले पाल एक ठिये पर बैठकर चाय पी रहे थे साहब? हमने देखा एक ओबीसी चेहरे बैठ गये जाकर इनके पास? फिर इन सबने अपने हाल ए दिल का मामला किया इनसे शेयर? मगर सुना है वो ओबीसी चेहरे ने इनकी भावनाओं की नहीं की केयर? उन्होंने संगठन के एक बड़े चेहरे के सामने पेश कर दिये इन सबके एक एक शब्द? सुना है अपनी बात के लीक होने से हुआ है इन सबको बहुत ज्यादा कष्ट? ओबीसी चेहरे से ये सब हो गये हैं बहुत ज्यादा नाराज? आज नहीं तो कल इसके इफैक्ट जरूर आयेंगे साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बता रहा हूं नदिया पार की कहानी? यहां पर युवा भड़ाना की कार कर रही है कुछ और ही इजहार? इनकी गाड़ी पर लिखा हुआ है भाजपा अध्यक्ष? मगर अध्यक्ष मोर्चे के हैं या किसी प्रकोष्ठ के ये क्लीयर नहीं हो रहा यार? हम तो जब भी इनकी गाड़ी को देखते हैं तो हो जाता है हमको डाउट? ऐसा लगता है भगवा कमांडर कहीं आस-पास आये हुए हैं? मगर जब हम इनको गाड़ी में बैठते हुए देखते हैं तो दूर हो जाते हैं हमारे डाउट? इन्हें करना चाहिए अपने पद का भी जिक्र ? कोई ना जाने कब इनकी शिकायत कर दे, हमें है इस बात की फिक्र?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** शिप्रा वाले तोमर भैया को हर कोई समझता है भगवा कमांडर का बहुत ज्यादा खास? मगर चुनावी दौर में वो नजर नहीं आ रहे हैं आजकल कमांडर से लेकर चुनाव कार्यालय के आस-पास? सुना है इस सम्बन्ध में जब उनसे किया किसी ने सवाल? तो उन्होंने कहा मुझे कोई जिम्मेदारी नहीं मिली, तुम्हारी तरह मैने भी पूछा था संगठन से एक पदाधिकारी से सवाल? सामने से आई आवाज ने बदल दी मेरी सोच? जब मैंने जिम्मेदारी मांगी तो उन्होंने कहा तुम लो सिर्फ मौज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार से खेमका जी को चुनाव वाला काम नहीं मिलने पर इस वक्त है चर्चाओं का बाजार बहुत ज्यादा गर्म? कहने वाले कहा रहे हैं जो व्यक्ति अपनी ताकत पर जीता हो निगम का चुनाव? उससे क्यों नहीं कराया जा रहा चुनाव में कर्म? कहने वाले ने कहा हमें समझ नहीं आ रहा दूसरे चेहरे को त्यागी जी क्यों मान रहे हैं इतना अनमोल? चुनाव में तो वो देख ही चुके हैं इस चेहरे का रोल? जो परफॉर्मेंस देकर चुनाव जीता है उसके क्यों मजबूत नहीं कर रहे हैं भगवा त्यागी जी क्षेत्र में बोल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको देना चाहता हूं आपको अंदर की जानकारी? नदिया पार के जिस निर्दलीय चेहरे को ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि ने पार्टी ज्वाईन कराई है? उस चेहरे के ऑफिस पर कांग्रेस वाले कार्यालय की हो रही है गतिविधियां जारी? डॉली दीदी के चुनाव प्रबंधन का यही से चल रहा है काम? बात इतनी ही नहीं है, हमें तो यह भी पता चला है मैम्बर साहब का दिल बहुत बड़ा है? वो कार्यालय के किराये का भी नहीं ले रहे हैं भुगतान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन्दिराजीपुरम वाले एक युवा ठाकुर ने गर्ग साहब के टिकट की घोषणा के बाद कुछ गंभीर बात कर दी थी मंडल के ग्रुप पर दर्ज? उन्हें शायद जानकारी नहीं थी कि उनके ये शब्द डाल देंगे उनकी राजनीति में फर्क? सुना है उन्होंने लिखी थी ग्रुप पर शाम 6 बजे वाली बात? जिसको देखकर भगवा कमिश्नर हो गये थे बहुत ज्यादा नाराज? ग्रुप पर ही युवा ठाकुर को नोटिस देकर कर दिया गया था रिमूव? शब्द जब दर्द देते हैं तब फिर काम नहीं आती है मूव?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित करेंगे : अतुल गर्ग

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने लाइन पार विजय नगर व प्रताप विहार में रोजबैल पब्लिक स्कूल व लीलावती स्कूल में बड़ी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता का मोदीजी व योगीजी के नाम पर अपार जनसमर्थन मिल रहा है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित कराऊंगा।

महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि आपका एक वोट मोदी सरकार को मजबूती प्रदान करेगा। पूर्व महापौर आशा शर्मा ने कहा कि अब की बार क्षेत्रीय जनता को स्थानीय प्रत्याशी का लाभ रहेगा व सहज उपलब्धता रहेगी। पूर्व महानगर संयोजक सरदार एसपी सिंह ने कहा कि हमारा एक वोट मोदीजी की गारंटी को ताकत देने का काम करेगा। पूर्व पार्षद अनिल स्वामी व रालोद नेता इन्द्रजीत सिंह टीटू ने भी सभा को संबोधित किया। संचालन शहर विधानसभा संयोजक सुनील यादव ने किया।

सभा में मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा व देवेन्द्र त्रिपाठी, मंडल महामंत्री, आयोजक जोगिंदर सिंह बग्गू व सोनू बग्गा, सभी पार्षदगण कन्हैया, संतोष राणा, संतराम यादव, मनजीत सिंह, हरप्रीत सिंह जग्गी, आरके आर्य, सुरेन्द्र नागर, देसराज देसी, गुलशन भामरी, साक्षी नारंग, सुखविंदर सिंह, हरजीत सिंह बिट्टू, झुझार सिंह, पवन शर्मा, गोपाल सिसौदिया, ओमप्रकाश ओड, प्रेमचंद पाल, घनश्याम कोरी, विजय गौतम, आशु गुर्जर, जोगिंदर यादव आदि उपस्थित रहे। कई सामाजिक संगठनों व व्यापार मंडल द्वारा प्रत्याशी अतुल गर्ग का सम्मान किया गया। कोरी समाज ने भी स्वागत करते हुए अपना पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया।

पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने अतुल गर्ग के समर्थन में वार्ड 83 में कमल खिलाया

जनता का आशीर्वाद राष्ट्र का विकास ही मोदी की प्राथमिकता : अतुल गर्ग

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 83 के राजेंद्र नगर सेक्टर 3 के 9 ब्लॉक में गांधी पार्क में पार्षद कविता प्रवीन भाटी द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भारी जनसमूह ने शामिल होकर भारतीय जनता पार्टी से गाजियाबाद लोकसभा के प्रत्याशी अतुल गर्ग को भरपूर समर्थन दिया एवं जोर-शोर से भव्य स्वागत किया। बता दें कि दोपहर के इस कार्यक्रम में कड़ी धूप में इतनी बड़ी संख्या में लोगों को एकत्रित देख भारतीय जनता पार्टी से गाजियाबाद लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग प्रवीन भाटी की पीठ थपथपा गये।

महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने लोगों से अपील की कि आने वाली 26 तारीख को ज्यादा से ज्यादा कमल का बटन दबाकर फिर से साहिबाबाद विधानसभा का नाम ऐतिहासिक जीतों में दर्ज कराने का कार्य करें। भारतीय जनता पार्टी से गाजियाबाद लोकसभा के प्रत्याशी अतुल गर्ग ने अपने भाषण में बताया कि अबकी बार 400 पार के नारे के साथ जनता का आशीर्वाद राष्ट्र का विकास ही प्रधानमंत्री जी की प्राथमिकता है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन अब अपनी गठरी बांधने के लिए तैयार रहें। प्रवीन भाटी ने आए हुए सभी अतिथियों का, आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों का व समस्त निवासियों का हार्दिक अभिनंदन व धन्यवाद किया और मंच संचालन कर रहे आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजीव त्यागी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रवीन भाटी के साथ मेहनत की।

इस कार्यक्रम में बाबू तेजपाल, हनुमंत धाम के मुख्य पुजारी बाल ब्रह्मचारी गुरु देवजी महाराज, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, साहिबाबाद विधानसभा विस्तारक अजीत पटेल, मंडल अध्यक्ष बिजेंद्र बढ़ाना, पार्षद हिमांशु चौधरी, युवा मोर्चा महानगर महामंत्री संदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष दीपक राघव, सुभाष पवार, विपुल, रति राम बंसल, धीरज मुदगल, शशि मोहन, जगवीर चौधरी, विरेंद्र कसाना, वी.के. शर्मा, सुरेंद्र अरोड़ा, के.डी. शर्मा, राजपाल कौशिक, बृजेश चन्द जैन, देवेंद्र नागर, अमित शर्मा, शिवकांत गोस्वामी, इन्द्र शर्मा, उज्ज्वल शर्मा, सौरभ चौधरी, मुकेश शर्मा, हिमांशु शर्मा, सुधीर कसाना, महेश त्यागी, अरविंद गर्ग, सुशील शर्मा, प्रमोद सिंघल, गौतम गोयल, अनिल शर्मा, नीति मुद्गल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व लोग शामिल हुए।

मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी ने कार्यकर्ताओं को बांटी चुनाव सामग्री

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। बुधवार को इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्शी ने मंडल कार्यालय पर बूथ अध्यक्ष व शक्तिकेन्द्र सयोंजक व मंडल के पदाधिकारी के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा कि उन्होंने कहा 26 अप्रैल को दूसरे चरण में गाजियाबाद में मतदान होने जा रहा है। इसके लिए कार्यकताओं को अपने क्षेत्र में जाकर मतदाताओं के लिए पर्ची बांटना है, ओर लोगों को पोलिंग बूथ तक ले जाने की जिम्मेदारी दी गई बिस मौके पर मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी ने कार्यकर्ताओ चुनाव प्रचार सामग्री भी वितरण की। अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, महामंत्री उमाशंकर तोमर, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाठक, शक्ति केंद्र संयोजक पीतांबर त्यागी, मीडिया प्रभारी किशोर ठाकुर, धीरज शर्मा, देवाशीष दत्त दीपक सिन्हा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने किया स्ट्रॉन्ग रूम का स्थलीय निरीक्षण

निर्वाचन अधिकारी ने किसानों से मुलाकात की और उनके आग्रह पर साथ में किया जलपान

सुरक्षा-सुविधा सहित अन्य बिन्दुओं की सूक्ष्मता से की जांच

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण 26 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान दिवस के पश्चात ईवीएम रखने के लिए बने स्ट्रॉन्ग रूम, अनाजमंडी, गोविन्दपुरम का निरीक्षण किया। इस मौके पर ईवीएम के रख-रखाव, सुरक्षा, सुविधा, रखने के क्रमवार तरीके सहित अन्य बातों का विशेष ध्यानपूर्वक स्थलीय निरीक्षण किया गया।

उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मियों का ड्यूटी चार्ट सहित अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जाना। इसके बाद जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने किसानों से मुलाकात की और किसानों द्वारा लाए गए बिक्री हेतु गेहूं की गुणवत्ता जांचते हुए उनसे बातचीत की।

जिलाधिकारी ने गेहूं के मूल्यों के बारे में क्रय-विक्रय कर्ताओं से बात भी की। जिलाधिकारी की वार्ता में इस प्रकार मिलन भाव रहा कि किसानों ने जिलाधिकारी को भोजन ग्रहण करने का आग्रह करते हुए निवेदन किया।

किसानों के प्रेमभाव और सादगी से पूछने पर जिलाधिकारी ने उनके साथ जलपान ग्रहण किया। जांच के दौरान जिलाधिकारी के साथ सिटी मजिस्ट्रेट अजय अम्बेष्ठ सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

साहिबाबाद में भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का विधि-विधान से हुआ उद्घाटन

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। बुधवार को साहिबाबाद विधानसभा में भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय का विधि-विधान से हवन-पूजन कर उद्घाटन किया गया।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, साहिबाबाद विधानसभा चुनाव संयोजक राजेश्वर प्रसाद, साहिबाबाद विधानसभा विस्तारक अजीत पटेल ने फीता काट कर साहिबाबाद विधानसभा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सुनील शर्मा ने कहा कि साहिबाबाद क्षेत्र की जनता की चुनावों में भाजपा प्रत्याशी पर विशेष कृपा रहती है और इस बार भी यह कृपा भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग पर रहने वाली है।

स्थानीय होने का लाभ क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा। 26 अप्रैल को वोट अवश्य डालें और सभी को प्रेरित भी करें। संजीव शर्मा ने कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में देश में विकास के लिए अतुल गर्ग को जिताना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर महानगर मंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल, कामेश्वर त्यागी, संजीव झा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, धीरज अग्रवाल, प्रतीक माथुर, नमित वार्ष्णेय, विनय चौधरी, उदयवीर सिंह, प्रतीक माथुर, गौरीश अग्रवाल, एवं साहिबाबाद विधानसभा के देवतुल्य कार्यकर्ता बंधुवर, साहिबाबाद क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष, पार्षद गण मनोज गोयल, रामनिवास बंसल, राहुल शर्मा, चौधरी अतर सिंह, नरेश भाटी, आशीष चौधरी आदि उपस्थित रहे।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी नेता केडी त्यागी ने राम नवमी के अवसर पर राम जी की कृपा वाली खुशी को साझा किया। उनके परिवार में नई स्कॉर्पियो कार का आगमन हुआ। जय श्री राम के साथ इस खुशी को फेसबुक पोस्ट बनाया। केडी त्यागी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।